


RNI. Reg. No. CHHHIN/2009/30534
डाक पंजीयन क्र.-छ.ग./ दुर्ग /94/2020-22

# श्रीकंचनपथ

साझा करें अपने मित्रों से
सांध्य दैनिक
दुर्ग-रायपुर-बस्तर संभाग
लीपा पोती नहीं सिर्फ सच
संस्थापक एवं प्रेरणास्रोत- स्व. श्रीमती रजनी अग्रवाल




वर्ष- 13, अंक - 179 | श्रीकंचनपथ ONLINE | visit us http://www.shreekanchanpath.com | भिलाई, रविवार 17 अप्रैल 2022 | पृष्ठ 8- मूल्य 1/-




# खैरागढ़ की जनता ने जीत लिया जिला भाजपा की उम्मीदों का ढहा किला

- मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने दिया खैरागढ़ क्षेत्र के लोगों को नए जिले का तोहफा
- प्रशासनिक काम-काज में आएगी तेजी विकास एवं निर्माण कार्यों को मिलेगी गति

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** खैरागढ़ उपचुनाव में भाजपा की बड़ी हार, बड़ा संदेश साथ लेकर आई है। जनता के जनादेश ने पार्टी के दिग्गज नेताओं के दावों का दिवाला निकाल दिया है। 5 राज्यों में हुए चुनाव और ऐतिहासिक जीत से भाजपा उत्साहित थी। छत्तीसगढ़ में खैरागढ़ को मिशन-2023 का सेमीफाइनल कहा जा रहा था। 'शिवराज मामा' से लेकर 'चाउंर वाले बाबा' तक की सियासी बिसात बिछी, लेकिन 'कका' के जिला बनाने के राजनीतिक शस्त्र के आगे भाजपा के सारे अस्त्र विफल हो गए। खैरागढ़ की जनता ने 'जिला' जीत लिया और भाजपा की उम्मीदों का 'किला' ढहा दिया।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने आम जनता की सहूलियत के लिए प्रशासनिक इकाईयों के विकेन्द्रीकरण के अपने वायदे को आगे बढ़ाते हुए आज खैरागढ़ छुईखदान गंडई को नया जिला बनाने की घोषणा की। यह नया जिला छत्तीसगढ़ राज्य का 33वां जिला होगा। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल द्वारा अपनी सरकार की सवा तीन साल के कार्यकाल के दौरान राज्य की जनता को 6 नए जिलों की सौगात दे चुके हैं।

सत्ता की बागडोर संभालने के बाद मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने सबसे पहले गौरेला-पेण्ड्रा-मरवाही को जिला बनाया। इसके बाद 15 अगस्त 2021 को राज्य में 4 नए जिलों मोहला-मानपुर-चौकी, सारंगढ़-बिलाईगढ़, महेन्द्रगढ़-चिरमिरी-भरतपुर, सक्ती को जिला बनाए जाने की घोषणा की थी। उक्त चारों नए जिलों के गठन की अधिसूचना भी जारी हो चुकी है। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने 16 अप्रैल को खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव के परिणाम की घोषणा के तीन घंटे के बाद ही अपने वायदे के मुताबिक खैरागढ़ की जनता-जनार्दन को नए जिले की सौगात दी। उन्होंने इस मौके पर साल्हेवारा को पूर्ण तहसील तथा जालबांधा को उप तहसील बनाए जाने का ऐलान भी किया।

गौरतलब है कि प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण छत्तीसगढ़ सरकार की प्राथमिकताओं में शामिल है। इसका उद्देश्य आम आदमी की शासन-प्रशासन तक पहुंच को आसान बनाना है। प्रशासनिक विकेन्द्रीकरण से लोगों के समय, श्रम एवं धन की बचत होगी। खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के जिला बनने से प्रशासनिक काम-काज में कसावट आएगी और लोगों के शासकीय काम-काज सहजता से होंगे। साल्हेवारा-बकरकट्टा जैसे सुदूर अंचल के लोगों को विकास की मुख्य धारा से जोड़ने और उन्हें शासकीय योजनाओं का लाभ पहुंचाने में आसानी होगी। नए जिले के गठन से खैरागढ़ अंचल में विकास की नई श्रृंखला शुरू होगी। जिला मुख्यालय में इंफ्रास्ट्रक्चर का तेजी से निर्माण और सभी जिला स्तरीय कार्यालयों की स्थापना से लोगों को शासकीय योजनाओं एवं कार्यक्रमों का लाभ सहजता से मिलने लगेगा। शासकीय काम-काज की मॉनिटरिंग में सुविधा होगी।

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने खैरागढ़ के लोगों की भावनाओं का ख्याल रखते हुए नये जिले के गठन की घोषणा की है। वास्तव में यह खैरागढ़-छुईखदान-गंडई क्षेत्र की जनता को बहुत बड़ी सौगात है। खैरागढ़ को जिला बनाए जाने की मांग वर्षों पुरानी है। खैरागढ़ छत्तीसगढ़ की रियासतों में एक समृद्ध रियासत रही है। यहां एशिया महाद्वीप का एक मात्र कला संगीत विश्वविद्यालय है। खैरागढ़ की पहचान छत्तीसगढ़ ही नहीं बल्कि देश में संगीत नगरी के रूप में रही है। जिला बन जाने से खैरागढ़ का गौरव और सम्मान बढ़ेगा।

## हार-जीत का पैमाना जिला नहीं हो सकता

ऐतिहासिक जीत से गदगद सीएम भूपेश बघेल ने कहा कि जिला बनाने से चुनाव जीतते तो चाउंर वाले बाबा यानि डॉ. रमन सिंह ने 8 जिले बनाए थे, तब क्यों हार गए। सीएम ने कहा कि जिला बनाना एक मुद्दा हो सकता है, लेकिन वह जीत-हार का पैमाना नहीं हो सकता। भाजपा ने 8 जिले बनाये थे, उनमें से मुंगेली को छोड़कर हर जिले में भाजपा को शिकस्त मिली। जिला व तहसील बनाना एक मुद्दा हो सकता है, लेकिन वह जीत का आधार होगा ऐसा कतई नहीं है। जनता को अब काम चाहिए, विकास चाहिए, उन्नति चाहिए। भूपेश ने कहा कि कांग्रेस ने काम किया तो जनता ने जनादेश दिया।

## नया जिला बनने से मुख्यालय आना जाना होगा आसान

खैरागढ़-छुईखदान-गंडई के नया जिला बनने से इस क्षेत्र की जनता को अब अपने काम-काज के लिए राजनांदगांव नही जाना पड़ेगा। गौरतलब है कि खैरागढ़-छुईखदान-गंडई की दूरी राजनांदगांव से लगभग 40-90 किलोमीटर है। इस नवीन जिले के साल्हेवारा-बकरकट्टा के अंतिम छोर की गांव की दूरी वर्तमान जिला मुख्यालय राजनांदगांव से लगभग 125 किलोमीटर है। इन इलाकों के लोगों को शासकीय काम-काज से जिला मुख्यालय राजनांदगांव आना-जाना बेहद कठिन, खर्चीला रहा है। नया जिला बनने से लोगों को जिला मुख्यालय आना-जाना आसान होगा। नये जिले के गठन से अंचल में स्वास्थ्य, शिक्षा, सड़क जैसी बुनियादी सुविधाएं और सुदृढ़ होंगी।

## खास-खबर

### जंगल में लकड़ी काट रही महिला पर भालूओं ने किया हमला

**कोरिया।** मनेंद्रगढ़ के ग्राम पंचायत चनवारीडांड के जंगल में दो भालू महिला के ऊपर हमला कर दिया। भालू के हमले में महिला बूरी तरह घायल हो गई। घायल महिला को स्थानीय सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। जहां घायल महिला का इलाज जारी है।

मनेन्द्रगढ के ग्राम पंचायत चनवारीडांड के तीन महिलाएं शाम के समय लकड़ी काटने जंगल गई थीं। वहीं लकड़ी काटने तीनों महिलाएं अलग-अलग होकर लकड़ी काटने चली गई। इसी दौरान दो भालू लकड़ी काट रही एक महिला फुलबाई के ऊपर हमला कर दिया। भालू के हमले से फुलबाई बुरी तरह जख्मी हालत में चिलाने लगी।

वहीं फुलबाई की आवाज सुनते ही अन्य दो महिलाएं घटना स्थल की ओर दौड़ पड़ी। उसने देखा कि दो भालू में से एक भालू ने फुलबाई को पकड़ रखा है। जिस पर तत्काल दोनों महिलाओं ने अन्य लोगों की सहायता से भालुओं को भगाया जिससे उसकी जान बच पाई।

# लोकवाणी में बजट पर बोले सीएम बघेल, कहा-छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा तय करने वाला है नया बजट

श्रीकंचनपथ न्यूज



**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने रविवार को लोकवाणी की 28वीं कड़ी नवा छत्तीसगढ़, नवा बजट विषय पर केन्द्रित रही। इस मौक पर सीएम बघेल ने कहा कि हमारा नया बजट, नए छत्तीसगढ़ के विकास की दिशा तय करने वाला है। प्रदेश की खुशहाली में जनभागीदारी की सर्वाधिक भूमिका रहे, प्रदेश की समृद्धि में प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी की भागीदारी रहे, यह हम सुनिश्चित करेंगे।

सीएम बघेल ने कहा कि कोरोना संकट, जीएसटी और केन्द्रीय करों के हिस्से में कमी के बावजूद राजस्व आधिक्य का बजट प्रस्तुत किया गया है। राज्य का ऋण भार और वित्तीय घाटा लगातार कम हो रहा है तथा पूंजीगत व्यय लगातार बढ़ रहा है। छत्तीसगढ़ राज्य गठन के बाद अब तक का सबसे बड़ा बजट राज्य सरकार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। राज्य के बजट का आकार एक लाख 12 हजार 603 करोड़ 40 लाख रुपए है।

इस मौके पर सीएम बघेल ने श्रोताओं के सवालों का जवाब भी दिया। इस दौरान उन्होंने छत्तीसगढ़ की मजबूत आर्थिक स्थिति की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि निश्चित तौर पर छत्तीसगढ़ का बजट 1 लाख करोड़ के ऊपर पहुंचना, प्रत्येक छत्तीसगढ़वासी के लिए गौरव का विषय है। वित्तीय वर्ष 2022-23 के राज्य सरकार के बजट में हमने अनुसूचित जाति और अनुसूचित जनजाति की जनसंख्या के अनुपात में बजट प्रावधान किया है।

कृषि क्षेत्र को लेकर हमारी प्राथमिकता बहुत ही मुखर है। वर्ष 2022-23 में कृषि बजट के लिए 20 हजार 405 करोड़ रुपए की राशि रखी है। हम अपने संसाधनों के सम्मान, वेल्यू-एडीशन, अपनी मेहनतकश जनता की लगन और मेहनत को सही मान और राज्य के उत्पादन को सही दाम दिलाते हुए आगे बढ़ेंगे। हमारी इसी रणनीति के कारण छत्तीसगढ़ की आर्थिक स्थिति को सहारा मिला।

मुख्यमंत्री ने लोकवाणी में कहा कि एक जमाना था जब दिल्ली की यूपीए सरकार द्वारा प्रदेश को केन्द्र से अधिक राशि दी जाती थी, लेकिन तब भी हमारे प्रदेश में आधिक्य का बजट नहीं बना था। अब की स्थिति में तो हमारे बजट में राज्य और केन्द्र की राशि लगभग बराबर है। इसके अलावा जीएसटी से संबंधित समस्या और भी अधिक गहरा रही है। इसके बावजूद हमने अपने राज्य की कुशलता के आधार पर आधिक्य का बजट बनाया है।

### बजट में सामाजिक क्षेत्र के लिए 37 प्रतिशत का प्रावधान

लोकवाणी में कबीरधाम जिले के रणवीरपुर की आम्रपाली सहारे के बजट की प्राथमिकता के संबंध में पूछे गए सवाल का जवाब देते हुए मुख्यमंत्री ने कहा कि हमारे प्रदेश में अनुसूचित जनजाति तथा अनुसूचित जाति की आबादी लगभग 45 प्रतिशत है। हमारे बजट के कुल प्रावधान में 33 प्रतिशत राशि अनुसूचित जनजाति के लिए और 12 प्रतिशत राशि अनुसूचित जाति के लिए है। हमने 40 प्रतिशत प्रावधान सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र के लिए रखा है।

### 42 हजार 528 करोड़ रुपए का कर्ज बढ़ा

राजनांदगांव मोहला के संजय जैन ने राज्य की ऋण स्थिति के संबंध में पूछा। मुख्यमंत्री बघेल ने सवाल जवाब देते हुए कहा कि 17 दिसम्बर 2018 की स्थिति में हमें 41 हजार 695 करोड़ का ऋण भार विरासत में मिला था। हमारी सरकार बनने के बाद 42 हजार 528 करोड़ रुपए का कर्ज बढ़ा है। इसके पीछे एक बड़ा कारण भारत सरकार से जीएसटी क्षतिपूर्ति नहीं मिलना है। सीएम बघेल ने कहा कहा कि यदि हमें जीएसटी की राशि मिल जाती तो ऋण नहीं लेना पड़ता। इसमें वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 में भारत सरकार से प्राप्त जीएसटी ऋण 8 हजार 74 करोड़ तथा विशेष केन्द्रीय सहायता ऋण 568 करोड़ सहित कुल 8 हजार 642 करोड़ शामिल है। इसे कम करने पर सरकार द्वारा लिया गया शुद्ध ऋण केवल 33 हजार 886 करोड़ है। विगत 3 वर्षों में केन्द्र सरकार से केन्द्रीय करों में राज्य के हिस्से की राशि में 13 हजार 89 करोड़ की कमी तथा कोविड-19 आपदा के कारण राज्य के राजस्व में अपेक्षित वृद्धि नहीं भी एक बड़ा कारण है, जिससे हमें यह ऋण लेना पड़ा। हमने वर्ष 2021-22 में 8 हजार 71 करोड़ का शुद्ध ऋण लिया। वर्ष 2022-23 के बजट में इसे और भी कम करते हुए शुद्ध ऋण 7 हजार 100 करोड़ किया गया है।

### समाज के हर वर्ग के आर्थिक स्वावलंबन का प्रयास

मुख्यमंत्री ने कहा कि समाज के हर वर्ग को आर्थिक स्वावलंबन की ओर बढ़ाना हमारा कर्त्तव्य है। हमने बजट में यह घोषणा की है कि पीएससी तथा व्यापम अब अपने परीक्षार्थियों से परीक्षा शुल्क नहीं लेगा। बजट के बाद भी एक नई घोषणा करते हुए हमने विशेष कनिष्ठ कर्मचारी चयन बोर्ड के माध्यम से होने वाली परीक्षाओं में भी परीक्षा शुल्क माफकर दिया है। इस तरह हम युवाओं की मदद के लिए एक कदम और आगे बढ़े हैं।

### मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के लिए 150 करोड़ का बजट प्रावधान

सीएम बघेल ने बताया कि मुख्यमंत्री सुगम सड़क योजना के लिए 150 करोड़ का बजट प्रावधान किया है। ताकि स्कूल, अस्पताल, आंगनवाड़ी जैसे सरकारी भवनों को पक्की सड़कों से जोड़ा जा सके। प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना तथा लोक निर्माण विभाग की विभिन्न योजनाओं के माध्यम से करोड़ों रुपए लागत की सड़कें बनाई जाएंगी। नक्सल प्रभावित अंचलों के लिए विशेष प्रावधान किए गए हैं।

### राज्य सरकार अपने वादे से पीछे हटने वाली नहीं

मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने एक सवाल के जवाब में बताया कि राजीव गांधी किसान न्याय योजना' के लिए हमने इस बार भी 6 हजार करोड़ रुपए का प्रावधान रखा है। इसका मतलब यह है कि योजना चालू रहेगी। विगत दो वर्षों में इस योजना के माध्यम से 11 हजार 180 करोड़ रुपए की राशि दी गई है। उन्होंने कहा कि आप विश्वास रखिए कि हम किसी भी हालत में अपने वायदे से पीछे हटने वाले नहीं हैं और जो काम शुरू किए हैं, उन्हें आगे भी जारी रखेगें।

## मुफ्त बिजली का वादाः पावरकॉम पर पड़ेगा 7000 करोड़ रुपये का बोझ

**पंजाब (एजेंसी)।** 300 यूनिट बिजली मुफ्त देने के एलान से पंजाब स्टेट पावर कॉरपोरेशन लिमिटेड (पावरकॉम) पर सालाना अतिरिक्त 7000 करोड़ रुपये का आर्थिक बोझ पड़ जाएगा। खास बात यह है कि सरकार के इस फैसले के बाद अब पावरकॉम की सालाना आय का 50 फीसदी से अधिक हिस्सा सब्सिडी पर निर्भर हो गया है। सब्सिडी का भुगतान नहीं करती है तो पावरकॉम के लिए भयंकर आर्थिक मुश्किलें खड़ी हो सकती हैं।


# बलरामपुर में सड़क निर्माण करवाने के लिए 250 सुरक्षाकर्मी तैनात, नक्सली हमले की आशंका

श्रीकंचनपथ न्यूज



**बलरामपुर।** छत्तीसगढ़ के संवेदनशील जिले बलरामपुर के भुतही मोड़ गांव में सड़क निर्माण करवाने के लिए प्रशासन को काफी मशक्कत करनी पड़ रही है। दरअसल, बलरामपुर जिले के चुचुना और पुंडाग के नक्सल प्रभावित गांवों को जोड़ने के लिए सड़क निर्माण के दौरान सुरक्षा प्रदान करने के लिए भूतही मोड़ गांव में सीआरपीएफ के संयुक्त कार्यबल का एक शिविर स्थापित किया गया। बलरामपुर के एसपी के अनुसार सड़क निर्माण कार्य को बिना बाधा के एवं सही समय पर पूरा करने के लिए 250 सुरक्षा कर्मियों को तैनात किया गया है। इस मानसून से पहले काम पूरा करने का लक्ष्य है। वहीं बलरामपुर के कलेक्टर ने कहा कि भुतही मोड़ में स्थापित सुरक्षा शिविर ने क्षेत्र के लोगों और प्रशासन के अधिकारियों को भी सुरक्षा प्रदान की है। अगले 15-20 दिनों में इलाके में बिजली भी पहुंच जाएगी।

# गर्मी के कहर का असरः आम की मिठास होगी मंहगी, फल बनने से पहले ही झुलसे बौर



**रायपुर।** इस साल आमों के पेड़ों में लगे बौर तेज गर्मी की वजह से झुलस गए हैं। आम की पैदावार पर मौसम की मार का बड़ा असर देखने को मिलेगा। इसबार पेड़ों में बौर तो आए थे लेकिन तेज गर्मी के चलते वो फल बनने से पहले ही झुलस गए। इसलिए इस बार आम की पैदावार कम होने की उम्मीद है और आमों के शौकीनों को मंहगे दामों पर आम खरीदना पड़ेगा।

फलों का राजा इस बार आम नहीं रहेगा क्योंकि इसकी पैदावार पर मौसम की मार पड़ी है। पेड़ों में बौर तो आए लेकिन तेज गर्मी की वजह से ये फल बनने से पहले ही झुलस गए। आम के वृक्षों पर जिस तरह बौर आया था, उससे अच्छे उत्पादन की उम्मीद थी। आम उत्पादकों ने भी अच्छे मुनाफे का सपना देखना शुरू कर दिया था। लेकिन तापमान इस कदर बढ़ा कि सारी उम्मीदों पर पानी फिर गया। आमतौर पर मार्च माह के अंत तक फ्रुट सेटिंग हो जाती थी और बौर फल के रूप में दिखने लगते थे लेकिन इस बार तो अप्रैल माह का आधा महीना बीत चुका है उसके बाद भी पेड़ो में फल नहीं दिख रहे।

### इस बार महंगा मिलेगा आम

आम के लाखों वृक्ष है। यहां का आम दूसरे प्रदेशों में भी जाता है। आम के पेड़ों में फल लगते ही पक्षियों को भी भोजन मिलने लगता था और इससे तमाम लोगों का भरण-पोषण भी होता है। लेकिन इस बार आम की पैदावार कम होने से आम की मिठास महंगी होगी। स्थानीय स्तर पर आम का उत्पादन कम होने की वजह से पूरी तरह से बाहरी आम पर निर्भरता रहेगी जो ज्यादा दाम पर मिलेगा। इस बार जिस तरह से आम का उत्पादन है उससे इसका रोजगार करने वालों को काफी नुकसान उठाना पड़ सकता है। इसके साथ ही आम के शौकीनों को मंहगे दामों पर आम लेकर खाना पड़ेगा।



## संपादकीय

# कांग्रेस ने भी शुरू की चुनावी तैयारी

भारतीय जनता पार्टी एक चुनाव खत्म होने के साथ ही दूसरे चुनाव की तैयारी में जुट जाती है। तभी उत्तर प्रदेश और पांच राज्यों के चुनाव खत्म होते ही भाजपा के नेता उन राज्यों में चुनाव की तैयारी में जुट गए, जहां इस साल के अंत में या अगले साल चुनाव होने वाले हैं। अमित शाह ने नतीजों का भी इंतजार नहीं किया और त्रिपुरा गए। नरेंद्र मोदी ने नतीजों के तुरंत बाद गुजरात में रोड शो किया। नतीजों के साथ ही राष्ट्रीय स्वंयसेवक संघ की अखिल भारतीय प्रतिनिधि सभा की बैठक गुजरात में हुई। पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष जेपी नड्डा अपने गृह राज्य हिमाचल प्रदेश के दौरे पर गए और आम आदमी पार्टी के लगभग पूरे संगठन को भाजपा में शामिल करा लिया। कर्नाटक के मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई को दिल्ली बुलाया गया और राजकाज पर ध्यान देने की नसीहत दी गई। भाजपा से उलट कांग्रेस का चुनाव अभियान आमतौर पर चुनाव की घोषणा के बाद ही शुरू होता रहा है। लेकिन इस बार कांग्रेस ने भी पांच राज्यों में चुनाव हारने के तुरंत बाद अगले एक साल में होने वाले विधानसभा चुनावों की तैयारी में जुट गई। राहुल गांधी कर्नाटक गए और प्रदेश अध्यक्ष डीके शिवकुमार व पूर्व अध्यक्ष सिद्धरमैया को साथ लेकर एकजुटता का संदेश दिया। उन्होंने कांग्रेस कार्यकर्ताओं के एक कार्यक्रम में पार्टी के लिए अगले साल के चुनाव में डेढ़ सौ सीट जीतने का लक्ष्य तय किया। कर्नाटक में कांग्रेस ने एक साल पहले चुनाव का बिगुल बजा दिया है। इसी तरह गुजरात की तैयारियां भी शुरू हो गई हैं। हार्दिक पटेल के चुनाव लड़ने पर लगी रोक हटने के बाद कांग्रेस का उत्साह बढ़ा है। सुप्रीम कोर्ट ने उनकी दो साल की सजा पर रोक लगा दी है, जिसके बाद उनके चुनाव लड़ने का रास्ता साफ हो गया है। हार्दिक पटेल के अलावा कांग्रेस पार्टी लेउवा पटेल समुदाय के नेता नरेश पटेल को भी पार्टी में शामिल कराने के प्रयास में है। हालांकि भाजपा के पटेल मुख्यमंत्री के मुकाबले हार्दिक या नरेश पटेल प्रदेश की इस ताकतवर जाति को कितना कांग्रेस के साथ जोड़ पाएंगे, यह नहीं कहा जा सकता। जो हो कांग्रेस गुजरात में भी चुनाव की तैयारियों में लगी है। ऐसे ही हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस की चुनावी तैयारियां शुरू हो गई हैं। पिछले दिनों हिमाचल कांग्रेस के नेता दिल्ली में राहुल गांधी से मिले और चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई। वीरभद्र सिंह के निधन की वजह से पार्टी को वहां नया नेतृत्व आगे करने की चुनौती है। उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह को कुछ अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। पार्टी कोई एक चेहरा आगे नहीं करेगी लेकिन मुकेश अग्निहोत्री, सुखविंदर सिंह सुक्खु, कौल सिंह ठाकुर आदि नेताओं की सामूहिक कमान बनाई जा रही है।

> “ भाजपा के पटेल मुख्यमंत्री के मुकाबले हार्दिक या नरेश पटेल प्रदेश की इस ताकतवर जाति को कितना कांग्रेस के साथ जोड़ पाएंगे, यह नहीं कहा जा सकता। जो हो कांग्रेस गुजरात में भी चुनाव की तैयारियों में लगी है। ऐसे ही हिमाचल प्रदेश में भी कांग्रेस की चुनावी तैयारियां शुरू हो गई हैं। पिछले दिनों हिमाचल कांग्रेस के नेता दिल्ली में राहुल गांधी से मिले और चुनावी तैयारियों पर चर्चा हुई। वीरभद्र सिंह के निधन की वजह से पार्टी को वहां नया नेतृत्व आगे करने की चुनौती है। उनके बेटे विक्रमादित्य सिंह को कुछ अहम जिम्मेदारी मिल सकती है। पार्टी कोई एक चेहरा आगे नहीं करेगी लेकिन मुकेश अग्निहोत्री, सुखविंदर सिंह सुक्खु, कौल सिंह ठाकुर आदि नेताओं की सामूहिक कमान बनाई जा रही है।

## सबके मूल में चंचल मन

आयुर्वेद में मन को इंद्रिय माना गया है। इंद्रिय ज्ञान के द्वार हैं। आधुनिक विज्ञान की मान्यता है, हमारा शरीर सुख-दुख को मस्तिष्क के जरिये महसूस करता है। मस्तिष्क भी एक अंग है, जैसे शरीर के अन्य अंग हैं। यह बुद्धि द्वारा विभिन्न संवेगों को ग्रहण कर उनका विश्लेषण करता है। प्रश्न है, संवेगों को संवेदनात्मक अनुभूति में परिवर्तित कौन करता है? वह कौन है, जो सूक्ष्म तत्वों की स्थूल अंगों के जरिये पहचान कराता है? भारतीय मनीषियों का मानना है कि बुद्धि मन से संचालित होती है, यानी सुख या उसके प्रतिगामी तत्व दुख का नेतृत्व मन ही करता है। हमें कभी-कभी बहुत अधिक परिश्रम करना पड़ता है। इससे थकान और कभी-कभी पीड़ा भी होती है, किंतु संयमित समय में हम उनको सहज भाव से लेते हैं और जब असंयम की दशा होती है, तब अत्यंत दुखी हो उठते हैं। जब कार्य के प्रति हमारे विचार शुद्ध होकर मनोनुकूल हो जाते हैं, तब वे हमें सुखकारी प्रतीत होते हैं, अन्यथा उनसे दुख की ही प्रतीति होती है। कभी-कभी आशंका मात्र से हम घबरा उठते हैं या रुदन करने लगते हैं। यह सब मन की गतिशीलता के कारण होता है। इसलिए मन को साधना, उसे स्थिर करना जरूरी होता है। मन को स्थिर करने के लिए उसका शांत होना आवश्यक है, उसके वेग को शून्य करना पड़ता है। यह स्थिति चरम की होती है, जो उसे एकाग्रता, ध्यान और आगे चलकर समाधि की ओर ले जाती है। मन को मारना, मन को गोपन करना, मन को नियंत्रित करना, मन को अनुशासित करना और मन को शांत करना, इसे वश में करने के पांच तरीके हैं, जो सदाचरण के लिए अपनाए जाते हैं। साधारण व्यक्ति काम, क्रोध, लोभ, मोह, ईर्ष्या, अहंकार आदि नकारात्मक भावों को मन में उत्पन्न होने पर जबरिया मारता है या उनको गोपनीय रखता है। कुछ लोग सामाजिक भय से मन को नियंत्रित करते हैं और कुछ नैतिक कारणों से अनुशासित। लेकिन सर्वोत्तम स्थिति मन का शमन, यानी उसे शांत करना है। इसमें मन की इच्छाओं को स्वतंत्र कर देने पर भी वे गतिहीन ही रहती हैं।

> “ रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने नई दिल्ली की यात्रा में कहा कि भारत एक महत्वपूर्ण देश है और अगर वह कोई तर्कसंगत भूमिका निभाता है तो रूस को उस पर आपत्ति नहीं होगी। क्या रूस के यह कहने के बाद भारत ने कोई प्रयास किया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की लेकिन उसके बाद उन्होंने जंग को लेकर कोई संवाद नहीं किया है।

# भारत की तटस्थता कितनी कारगर?

अजीत द्विवेदी

यूक्रेन पर रूस के हमले के 50 दिन पूरे हो गए हैं। यूक्रेन की सीमा से निकल कर युद्ध फिनलैंड और स्वीडन तक जाने के आसार दिख रहे हैं। रूस की मदद कर रहा बेलारूस पहले से युद्ध के दायरे में है। पारंपरिक युद्ध भले दो देशों के बीच हो रहा है लेकिन दुनिया का हर देश किसी न किसी तरह से इसमें शामिल है। डेढ़ महीने से ज्यादा समय से चल रहे इस युद्ध से दुनिया दो हिस्सों में बंटी है। आखिरी बार ऐसी स्थिति दूसरे विश्वयुद्ध के समय बनी थी लेकिन तब भारत एक संप्रभु राष्ट्र नहीं था। आजादी के बाद दशकों तक दो महाशक्तियों- अमेरिका और रूस के बीच शीतयुद्ध चलता रहा था और तब नेहरू की गुटनिरपेक्षता की नीति की वजह से भारत और निर्गुट आंदोलन के अनेक देश तटस्थ रहने की नीति पर चलते रहे। लेकिन अभी जो हो रहा है वह शीतयुद्ध नहीं है। वह खूनी जंग है, जिसमें हजारों लोगों की जान गई है, लाखों लोग घायल हुए हैं, करोड़ों लोगों का जीवन मुश्किल हुआ है और अरबों-खरबों की संपत्ति नष्ट हुई है। लाखों बच्चे विस्थापित हुए हैं और रूस के हमले में सैकड़ों ऐतिहासिक इमारतें और धरोहर नष्ट हुए हैं। मानवता के सामने आखिरी बार इतना बड़ा संकट भी विश्व युद्ध के समय ही खड़ा हुआ था। 50 लाख से ज्यादा लोग विस्थापित हुए हैं और लाखों बच्चों के बेचे जाने की आशंका संयुक्त राष्ट्र संघ ने जाहिर की है।

ऐसे समय में क्या तटस्थता की नीति एक कारगर कूटनीति कही जा सकती है? दूसरा सवाल है कि भारत तटस्थ नहीं रहे तो क्या जंग में कूद जाए? तटस्थ नहीं रहने का यह मतलब नहीं है कि भारत जंग में कूदे। आखिर अमेरिका और यूरोपीय देश भी जंग में नहीं कूदे हैं। उसी तरह भारत जंग में कूदे बगैर भी यूक्रेन पर रूस के हमले का विरोध कर सकता है और यूक्रेन की मदद कर सकता है। कोई भी जंग मानवता के विरूद्ध होती है और जिस जंग में इंसानों की जान जा रही हो उसका विरोध करना भारत जैसे लोकतांत्रिक देश की स्वाभाविक नीति होनी चाहिए। लेकिन अफसोस की बात है कि हिंसा रोकने की दो-चार औपचारिक अपीलों के सिवाए भारत ने कुछ भी ऐसा नहीं किया है, जिससे लगे कि वह दुनिया के सामने आए इस संकट को दूर करने के लिए कोई सक्रिय प्रयास कर रहा है। यह स्थिति तब है, जब दुनिया के देश चाह रहे हैं कि भारत एक भूमिका निभाए।



रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लावरोव ने नई दिल्ली की यात्रा में कहा कि भारत एक महत्वपूर्ण देश है और अगर वह कोई तर्कसंगत भूमिका निभाता है तो रूस को उस पर आपत्ति नहीं होगी। क्या रूस के यह कहने के बाद भारत ने कोई प्रयास किया? प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने यूक्रेन में फंसे भारतीयों को निकालने के लिए रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन से बात की लेकिन उसके बाद उन्होंने जंग को लेकर कोई संवाद नहीं किया है। क्या भारत को लग रहा है कि रूस के साथ उसके संबंधों की डोर इतनी कमजोर है कि अगर वह जंग रूकवाने के लिए प्रयास करेगा तो वह डोर टूट जाएगी? अगर आपसी संबंधों में इतना भरोसा या इतनी मजबूती नहीं है तो तय मानें कि वह कभी भी टूट सकती है। उसे बचाए रखने के लिए भारत की ओर से दी जाने वाली कोई भी कुर्बानी कारगर नहीं होगी।

शीतयुद्ध के समय तटस्थता के बावजूद भारत का रूझान सोवियत संघ की ओर था। हैरानी की बात है कि अब भी जब रूस कोई महाशक्ति नहीं है और सबको पता है कि वह चीन का जूनियर पार्टनर या पिट्ठू है तब भी भारत का झुकाव उसकी ओर ही है। रूस हमलावर है और दुनिया के ज्यादातर सभ्य व विकसित देश उसके खिलाफ हैं। चीन उसे शह दे रहा है, जो खुद ही कोरोना वायरस की उत्पत्ति और उसे फैलाने को लेकर दुनिया भर में बदनाम है। ऐसे समय में क्या भारत की नीति चीन और रूस दोनों से दूरी बनाने की नहीं होनी चाहिए? सोचें, चीन की विस्तारवादी नीति से खुद भारत भी परेशान है। फिर वह कोई ऐसी कूटनीति कैसे कर सकता है, जिससे चीन का हित सधता हो।

भारत की तटस्थता की नीति के साथ एक समस्या यह है कि वह पूरी तरह से तटस्थ न होकर रूस की ओर झुकाव वाली है। संयुक्त राष्ट्र संघ में जितनी बार रूस की आलोचना करने का प्रस्ताव आया, भारत ने हर बार उस पर वोटिंग से दूरी रखी। दूसरे, भारत ने युद्ध या हमले के लिए रूस की आलोचना नहीं की। बुचा में हुए नरसंहार की भारत ने जरूर आलोचना की लेकिन उसे कूटनीति से नहीं जोड़ सकते। तीसरे, रूस से तेल की खरीद भी भारत बढ़ा रहा है और अपने हितों के हवाले इसे न्यायसंगत ठहरा रहा है। लेकिन हकीकत यह है कि रूस से तेल खरीद बढ़ाना भारत की ऊर्जा जरूरत को पूरा करने में बहुत मददगार नहीं हो रहा है।

यह भी एक संयोग है कि ज्यादातर बड़े विकासशील लोकतांत्रिक देश इस मामले में ढुलमुल रवैया अपनाए हुए हैं। दक्षिण अफ्रीका से लेकर ब्राजील और इंडोनेशिया से लेकर भारत तक ये चार बड़े लोकतांत्रिक देश हैं, जिन्होंने इस मामले में खुल कर रूस की आलोचना नहीं की है। इनमें भी भारत की स्थिति बाकी तीन देशों से अलग है। अपने आकार और अर्थव्यवस्था दोनों के दम पर भारत इस मामले में बड़ी भूमिका निभा सकता था। अगर ऐसा नहीं होता तो इस जंग के दौरान दुनिया भर के देशों के नेता भारत का दौरा नहीं करते। अमेरिका के डिप्टी एनएसए दलीप सिंह भारत आए तो चीन के विदेश मंत्री वांग यी ने भारत का दौरा किया। रूस के विदेश मंत्री सर्गेई लवारोव भारत आए तो जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने भी भारत का दौरा किया। ब्रिटेन की विदेश मंत्री एलिजाबेथ ट्रस भी भारत आईं। ऑस्ट्रिया सहित कई छोटे यूरोपीय देशों के नेता भी भारत आए। इतने नेताओं के भारत के दौरे का मकसद इतना था कि भारत इस मामले में कोई सक्रिय भूमिका निभाए। भारत की तमन्ना विश्व शक्ति बनने की है, वह तमन्ना ऐसे ही मौकों के इस्तेमाल से पूरी हो सकती है। दक्षिण एशिया में भी भारत को एक कूटनीतिक ताकत के तौर पर तभी स्वीकार किया जाएगा, जब वह विश्व मामलों में दखल देगा। चुपचाप बैठे रहना कोई विकल्प नहीं हो सकता है।

# दशकों की ज्यादती ने फौलादी बना दिया

फासिया बोएना हैरिस

पश्चिमी दक्षिण अफ्रीका में एक छोटा-सा देश है लाइबेरिया। दशकों तक यह गृहयुद्ध में लिथड़ा रहा, और साल 2003 में शांति-समझौते के बाद ही वहां कुछ स्थिरता आ पाई। लेकिन तब तक अपनी आठ फीसदी आबादी को यह जातीय संघर्ष की भेंट चढ़ा चुका था। इस देश की अनगिनत बच्चियों और औरतों ने जो कुछ सहा-भोगा, वह बेहद खौफनाक था, क्योंकि 'रेप' वहां एक युद्ध-हथियार बन गया था। फासिया हैरिस इसी बर्बर सामाजिक माहौल में पलीं-बढ़ीं। आज वह 39 साल की हैं।

शांति-समझौते के बाद 2005 में हुए चुनाव में एलन जॉनसन सरलीफ लाइबेरिया की राष्ट्रपति चुनी गईं। सरलीफ का यह चयन लाइबेरियाई लोगों के लिए किसी वरदान से कम न था, खासकर औरतों के लिए। भीषण लैंगिक भेदभाव वाले इस देश की बच्चियों औरिऻत्ररयों को प्रेरणा मिली कि वह भी कोशिश करें, तो एक इज्जतदार मुकाम पा सकती हैं। मगर फासिया को आत्मोत्कर्ष से अधिक पूरे स्त्री समुदाय की चिंता सता रही थी। बच्चियों-किशोरियों के साथ निर्मम यौन हिंसा की जैसी-जैसी कहानियां उन्हें देखने-सुनने को मिली थीं, उनसे वह बेचैन थीं। छोटी-छोटी बच्चियां पढ़ने-लिखने की उम्र में मां बन जाती थीं, और उनका जीवन दांव पर लग जा रहा था।

राष्ट्रपति हॉर्वर्ड में पढ़ी थीं और अर्थशास्त्र पर भी उनकी पकड़ थी, इसलिए वह जानती थीं कि आधी आबादी की हालत सुधारे बिना, उनका मुल्क तरक्की नहीं कर पाएगा। सरलीफ ने महिलाओं को प्रोत्साहित किया, मगर पारंपरिक समाज त्वरित बदलाव के लिए कतई तैयार न था। फासिया उन दिनों राजधानी मोनरोविया की 'अफ्रीकन मेथोडिस्ट एपिसकपल यूनिवर्सिटी' में पढ़ रही थीं। उन्हें लगा कि यही सही समय है, जब लैंगिक समानता व समावेशी विकास के लिए कोशिश की जाए। कुछ साथियों के साथ उन्होंने 'पारामाउंट यंग वुमन इनीशिएटिव' नाम का एक संगठन बनाया और लाचार लड़कियों की मदद के लिए चंदा इकट्ठा करना शुरू कर दिया। इस कोष से वह उन लड़कियों की मदद करने लगीं, जिनका परिवार आर्थिक तंगी के कारण उन्हें आगे पढ़ाने से इनकार कर देता या जिन पर किसी अन्य किस्म का कोई दबाव होता था।



लेकिन फासिया को जल्दी ही एहसास हो गया कि मां-बाप को जागरूक किए बिना बच्चियों को स्कूलों में रोका नहीं जा सकता। यह काम आसान नहीं था, क्योंकि बंद समाज हर नई पहल को संदेह की नजरों से ही देखता है। बहरहाल, फासिया अपनी टीम के साथ जन-जागरण के लिए जब गांवों में जातीं, तो वहां पर बच्चियों-औरतों की स्थिति देखकर सिहर उठती थीं। आठ-आठ साल की बच्चियां और सामूहिक दुष्कर्म का संताप! कई को उनके मां-बाप भी त्याग देते थे। मजबूरन देह-व्यापार ही उनके जीने का रास्ता बचता था।

फासिया ने इन बच्चियों की जंग लड़ने का फैसला किया। स्त्रियों को इंसाफ दिलाने के लिए उन्होंने पत्रकारिता को अपना हथियार बनाया। कैपिटल एफएम पर अपने कार्यक्रम में वह न सिर्फ इन बेबस गरीब बच्चियों की पीड़ा देश-दुनिया को बतातीं, बल्कि उन्हें पढ़ने, आगे बढ़ने, और मिसाल बनने के लिए भी प्रेरित करती रहतीं। इस लड़ाई में मां और मौसी ने पूरा साथ दिया। फासिया की कार्यशालाओं का लोगों पर असर होता देख सामंती सोच वालों को दिक्कत होने लगी थी। पहले तो उन्होंने उन्हें धमकाने की कोशिश की, लेकिन जब फासिया नहीं डरीं, तो उन पर शारीरिक हमले भी किए गए। मगर इन हमलों ने उनके इरादों को और फौलादी बना दिया। वह और सक्रिय हो गईं। फासिया अब लाइबेरिया भर में घूम-घूमकर अपनी पढ़ाई मुकम्मल करने और स्कूल में किसी किस्म के यौन उत्पीड़न के खिलाफ बच्चियों को जागृत करने लगीं। यही नहीं, 'लाइबेरियन फेमिनिस्ट फोरम' के जरिये उन्होंने सरकार के विभिन्न अंगों और तमाम पेशेवर क्षेत्रों में औरतों की कम भागीदारी का मुद्दा भी उठाना शुरू कर दिया। उनकी बातें आधी आबादी को अपील करने लगी थीं। इसमें कोई दोराय नहीं कि राष्ट्रपति की कुरसी पर एक महिला के होने का प्रच्छन्न लाभ फासिया और उनकी टीम को मिल रहा था, पर पितृ-सत्तात्मक समाज अपने विशेषाधिकारों को इतनी आसानी से छोड़ने को तैयार न था। ऐसे मामलों में पुलिस का रवैया प्रायः टालू होता।

साल 2018 की बात है। एक अधेड़ उम्र की महिला के साथ दुष्कर्म की खबर ने फासिया को काफी आहत कर दिया। उन्होंने देश भर की औरतों का आह्वान किया कि वे मोनरोविया की सड़कों पर उतर अपने लिए आवाज उठाएं। लाइबेरिया के इतिहास में यह पहला मौका था, जब किसी गैर-राजनीतिक मुहिम का नेतृत्व एक महिला कर रही हो और भारी तादाद में महिला-पुरुष यौन हिंसा के विरुद्ध सड़कों पर उतर आएं। प्रशासन ने सोचा नहीं था कि इतने लोग रैली में उमड़ आएंगे। बहरहाल, जनवरी 2019 में निजाम बदल गया। जॉर्ज वेया नए राष्ट्रपति चुने गए। पर अचानक यौन हिंसा की घटनाएं फिर बढ़ गईं। अगस्त 2020 में फासिया एक बार फिर हजारों महिलाओं-पुरुषों के साथ मोनरोविया की सड़कों पर थीं।

पहले तो पुलिस-प्रशासन ने सख्ती दिखाने की कोशिश की। लेकिन फासिया के नेतृत्व में आंदोलनकारी तीन दिनों तक डटे रहे। फासिया के तेवर ने प्रशासन को कदम पीछे लेने को विवश कर दिया। राष्ट्रपति जॉर्ज वेया ने 'रेप' को 'नेशनल इमरजेंसी' घोषित कर लैंगिक हिंसा की जांच के लिए एक विशेष टास्क फोर्स गठित करने की घोषणा की। यकीनन, यह लाइबेरिया की महिलाओं की एक बड़ी जीत थी। फासिया की प्रतिबद्धता को पूरी दुनिया ने सराहा। इस वर्ष अमेरिका जब दुनिया की 12 सबसे साहसी औरतों का चुनाव कर रहा था, तब लाजिमी तौर पर उनमें एक नाम फासिया हैरिस का भी था। इस सम्मान को पाने वाली पहली लाइबेरियाई!

**प्रस्तुति : चंद्रकांत सिंह**

# जलवायु परिवर्तन का नतीजा है तेज गर्मी, पूरा विश्व इससे हो रहा प्रभावित

वैभव चतुर्वेदी

भारतीय मौसम विभाग ने हाल ही में पूर्वानुमान व्यक्त किया था कि दिल्ली और भारत के कई दूसरे हिस्सों में पूरे अप्रैल के दौरान लू या गर्म हवाएं चलेंगी। जलवायु परिवर्तन को ऐसे समझा जा सकता है कि हमने मार्च में ज्यादातर समय सर्द मौसम देखा और अप्रैल की शुरुआत में सीधे चिलचिलाती धूप में पहुंच गए हैं। प्रत्यक्ष तौर पर महसूस हो रहा यह परिवर्तन चिंताजनक है। हाल ही में जारी इंटरगवर्नमेंटल पैनल ऑन क्लाइमेट चेंज (आईपीसीसी) मूल्यांकन रिपोर्ट में ग्लोबल वार्मिंग को सीमित करने के उपाय बताए गए हैं। इसके अनुसार, भारत और पूरे विश्व को सभी क्षेत्रों में डिकार्बोनाइजेशन (कार्बन उत्सर्जन घटाने) के लिए तेजी से आगे बढ़ना चाहिए। आईपीसीसी की रिपोर्ट बीते छह-सात वर्षों में एक व्यवस्थित वैज्ञानिक अनुसंधान से जुटाए गए साक्ष्यों का मूल्यांकन करती है। आईपीसीसी के तीन कार्य समूह (वर्किंग ग्रुप) तीन पहलुओं- जलवायु विज्ञान और प्रभाव, अनुकूलन और सुभेद्यता (आईएवी), और शमन (मिटिगेशन) का अध्ययन करते हैं। उत्सर्जन सीमित करने के विकल्पों पर ध्यान केंद्रित करते हुए तीसरे कार्य समूह के मूल्यांकन में सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि पूरे विश्व को 2019 और 2030 के बीच अपना उत्सर्जन घटाकर लगभग आधा करने की जरूरत है, ताकि वर्ष 1850 की तुलना में औसत वैश्विक तापमान बढ़ोतरी 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने के उचित अवसर मिल सकें। उत्सर्जन के मौजूदा स्तर को देखें तो अभी पूरा विश्व 2.5 से 3.4 डिग्री सेल्सियस के बीच तापमान बढ़ोतरी के रास्ते पर आगे बढ़ रहा है। इस बात से इसके प्रभावों का अनुमान लगा सकते हैं कि बार-बार गर्म हवाएं या लू चलना, चक्रवात आना या ऐसी अन्य जलवायु आपदाएं, जिनका भारत भी सामना कर रहा है, वैश्विक तापमान में सिर्फ 1.1 डिग्री सेल्सियस की बढ़ोतरी के नतीजे हैं। आईपीसीसी के मूल्यांकन के अनुसार, इस दशक में और आगे के समय में ग्लोबल वॉर्मिंग को सीमित करने के उपायों में तेजी लाने के लिए कई तरह के कदम उठाने की जरूरत है। तापमान बढ़ोतरी को 1.5 डिग्री सेल्सियस तक सीमित करने में अगर कार्बन, कैप्चर और स्टोरेज (सीसीएस) तकनीक शामिल नहीं है, तो 2030 तक कोयले की वैश्विक खपत को कम से कम 67 प्रतिशत तक घटाना होगा।

स्टेशन रोड, इंदिरा मार्केट, दुर्ग के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करे

9827806026, 7869620239



























श्रीकंचनपथ
छत्तीसगढ़

इनकम TAX
ITR फाईल
बनवायें मात्र 500/- में
TDS, GST, TAX Expert
सम्पर्क- शेखर गुप्ता
9300755544
onlytds@gmail.com WWW.ONLYTDS.COM



## खास खबर

### पंडरिया थाना पुलिस ने किया प्याऊ घर का शुभारंभ

**कवर्धा।** कबीरधाम पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्रीमती मनीषा ठाकुर रावटे तथा पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंद्र कुमार बेंताल के मार्गदर्शन में थाना प्रभारी पंडरिया निरीक्षक मुकेश यादव के द्वारा बदलते मौसम एवं तेज गर्मी का विशेष ध्यान रखते हुए थाने के सामने आम जनों एवं राहगीरों के लिए शुद्ध पेयजल की व्यवस्था हेतु प्याऊ घर का निर्माण कराया गया है। जिसके शुभारंभ के अवसर पर पुलिस अनुविभागीय अधिकारी पंडरिया नरेंद्र कुमार बेताल के द्वारा मुख्य मार्ग से गुजरने वाले आम जनों एवं राहगीरों को गुड़ खिलाकर मुंह मीठा कराया गया तथा थाना प्रभारी निरीक्षक मुकेश यादव के द्वारा ठंडाई शरबत पिलाया गया। पियाऊ घर में प्रतिदिन राहगीरों एवं आम जनों को गर्मी से निजात दिलाने के लिए मटके का ठंडा पानी एवं मुंह मीठा करने के लिए गुड़ की व्यवस्था की गई है। प्याऊ घर के शुभारंभ के अवसर पर थाना पंडरिया पुलिस स्टाफ एवं पंडरिया क्षेत्र के आम नागरिक गण महिला पुरुष एवं राहगीर अधिक संख्या में उपस्थित रहे तथा पंडरिया पुलिस के द्वारा आम जनों के हित में किए जाने वाले कार्यों की खूब सराहना की जा रही है।

### श्री हनुमान प्रकटोत्सव पर क्षेत्र की खुशहाली के लिए विधायक ने कामना

**धमतरी।** प्रभु श्री राम के अनन्य भक्त श्री हनुमान के प्रकटोत्सव पर विधायक रंजना डीपेंद्र साहू ने श्री दुर्गा मंदिर पावर हाउस के पास टिम्बर मर्चेंट एसोसिएशन के साथ श्री हनुमान मंदिर पहुंचकर पूजा अर्चना करते हुए क्षेत्र की सुख, समृद्धि, शांति एवं खुशहाली के लिए कामना की एवं समस्त क्षेत्रवासियों को भगवान हनुमान के प्रकटोत्सव पर बधाई देते हुए कहा कि भगवान श्री हनुमान को सुख के सागर एवं रक्षक के अवतार रुप माना जाता है, जिस किसी पर उनका आशीर्वाद बना रहता है, उनको किसी भी प्रकार की कठिनाइयां, समस्याएं तनिक भी पास नहीं आती है, दुखो के भंजन है, उनका वैभव भक्तजनों पर निरंतर बढ़ता रहता है। संकट मोचन वीर हनुमान संपूर्ण क्षेत्र को आरोग्यता का आशीष प्रदान करें यही भगवान हनुमान की प्रकटोत्सव से प्रार्थना है।

### साइबर अपराध से बचाने के लिए जारी है जागरूकता अभियान

**कोरबा ।** राजस्थान, पश्चिम बंगाल, झारखंड और दिल्ली में बैठे साइबर अपराधी लगातार अपना मायाजाल अपडेट करने के साथ दूरदराज में लोगों को चूना लगाने का काम कर रहे हैं। अलग-अलग तौर-तरीके इसके लिए अपनाए जा रहे हैं। घटनाओं से लोगों को बचाने के लिए कोरबा जिले में पुलिस की साइबर सेल जागरूकता अभियान पर काम कर रही है। साइबर सेल के प्रभारी सब इंस्पेटर कृष्णा साहू ने बताया कि लोगों को किसी भी स्थिति में अपने एटीएम का पासवर्ड, बैंक खाता और निजी जानकारी किसी से भी साझा नहीं करने की सलाह दी जा रही है। इसी के साथ बताया जा रहा है कि सोशल साइड पर आने वाली संदिग्ध लिंक को इंटरटेन न किया जाए। इसके अलावा अज्ञात नंबरों से आने वाले कॉल और मैसेज पर भी लोगों को ध्यान देने से बचना होगा। साइबर ठग कई तरह से लोगों को झांसे में लेने की हरसंभव कोशिश कर रहे हैं। कृष्णा साहू ने बताया कि इसी के साथ बच्चों को भी साइबर अपराध की जानकारी दी।

# साकार हो रहा है संत बाबा गुरू घासीदास का मनखे-मनखे एक समान का संदेश: मो. अकबर

**समाजिक उत्थान के लिए 5 लाख रूपए, पण्डवानी और पंथी नृतक दल को 25-25 हजार रूपए देने सहित नवीन खाद्य गोदाम बनाने की घोषणा की**

श्रीकंचनपथ न्यूज

रायपुर। वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री तथा कवर्धा विधायक मोहम्मद अकबर ने कबीरधाम जिले के ग्राम बरबसपुर में आयोजित तीन दिवसीय संत गुरू घासीदास बाबा संत समागम मेला को सम्बोधित करते हुए कहा कि छत्तीसगढ़ में संत गुरू बाबा घासीदास का 'मनखे-मनखे एक समान' का संदेश साकार हो रहा है। श्री अकबर ने संत गुरू घासीदास बाबा के मंदिर में पहुंचकर श्रद्धापूर्वक पूजा-अर्चना की तथा प्रदेश की खुशहाली के लिए कामना की।




कैबिनेट मंत्री श्री अकबर का संत समागम मेला में शामिल सामाजिक बंधुओं द्वारा पगड़ी पहनाकर अभूतपूर्व स्वागत किया गया। श्री अकबर ने संत समागम मेला में कहा कि जहां संतों का आगमन होता है उस स्थल का महत्व और उसकी ख्याति अपने आप बढ़ जाती है। इस आयोजन के लिए मैं समाज को बधाई देता हूं। मंत्री श्री अकबर ने संत समागम आयोजन समिति के आग्रह पर सौगातों की झड़ी लगा दी। श्री अकबर ने सामाजिक उत्थान के लिए 5 लाख रूपए देने की घोषणा की। साथ ही उन्होंने पंथी नृतक दल को 25 हजार रूपए, लोक गायिका पांडवानी समूह को 25 हजार रूपए, करूणा माता समिति को 25 हजार रूपए, ग्राम में गोधन न्याय योजना के तहत पंजीकृत गोबर खरीदी समिति को 25 हजार रूपए देने की घोषणा की। उन्होंने समाज के लोगों की मांग पर गांव में नवीन खाद्य गोदाम भवन की भी घोषणा की।

पण्डवानी और पंथी नृतक दल को 25-25 हजार रूपए देने सहित नवीन खाद्य गोदाम बनाने की घोषणा की

श्री अकबर ने सतनाम समाज के समाजिक सहयोग की भावना का स्मरण करते हुए कहा कि इस समाज से मुझे सदैव भरपूर सहयोग मिलता रहा है। उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन की शुरूआती दौर विरेन्द्र नगर से लेकर पंडरिया और कवर्धा विधानसभा क्षेत्र सफर का स्मरण भी किया। श्री अकबर ने संत समागम मंच के माध्यम से राज्य निर्माण के दौरान छत्तीसगढ़ की पहली सरकार के द्वारा संत गुरू घासीदास बाबा के पवित्र जन्म स्थल गिरौदपुरी धाम की ख्याति बढ़ाने लिए तत्कालीन फैसलों का स्मरण किया। उन्होंने कहा कि आज प्रदेश में संत गुरू घासीदास बाबा का जन्म स्थल गिरौदपुरी धाम प्रदेश में समाजिक समरसता, एकता और अखंडता का संदेश देते हुए एक दर्शनीय, जन आस्था और पर्यटन स्थल के रूप में अपनी पहचान बना रहा है। उन्होंने बताया कि तत्कालीन प्रथम राज्य सरकार में वे भी कैबिनेट मंत्री के रूप में शामिल थे। तत्कालीन मुख्यमंत्री श्री अजीत जोगी जी द्वारा गिरौदपुरी धाम की ख्याति को और आगे बढ़ाने के लिए संत बाबा के पवित्र जन्म स्थल पर कुतुबमीनार से भी ऊंचा जैतखाम बनाने का निर्णय लिया गया। आज उस स्थल पर संत बाबा के सामाजिक समरसता का संदेश देते हुए गगन चूमता जैतखाम विद्यमान है। उन्होंने समाज को भरोसा दिलाया कि वे समाज के उत्थान की दिशा में हमेशा तत्पर रहेंगे।

इस अवसर पर अध्यक्ष एवं राज मंहत रूपचंद मोहले ने बताया कि ग्राम बरबसपुर में प्रतिवर्ष संत गुरू घासीदास बाबा जी का संत समागम मेला का आयोजन होता आ रहा है। इस पावन ग्राम की भूमि पर संत बाबा के एक भव्य मंदिर का निर्माण समाज एवं ग्रामवासियों द्वारा किया गया है। इस संत समागम मेला में समाजिक गुरूओं एवं संतों का आगमन होता है। मंदिर पर 14 वर्ष से पहले कलश ज्योति की स्थापना की गई थी।

## मुख्यमंत्री बघेल से सुपरहिट छत्तीसगढ़ी गीत मोहिनी की टीम ने की सौजन्य मुलाकात




श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से यहां उनके निवास कार्यालय में सुपरहिट छत्तीसगढ़ी गीत 'मोहिनी' के रचनाकारों ने सौजन्य मुलाकात की। इस दौरान छत्तीसगढ़ यूथ आर्टिस्ट एसोसिएशन की चेयरमेन सुश्री काजल श्रीवास ने मुख्यमंत्री को बताया कि यह गाना अभी यू-ट्यूब चैनल में टॉप 50 म्यूजिक वीडियो में ट्रेंड कर रहा है।

यह पहली छत्तीसगढ़ी गीत है, जो यह मुकाम हासिल कर पाया है। इसके अलावा इस गीत को अब तक सबसे ज्यादा देखे जाने के साथ ही सबसे ज्यादा लाईक और कमेंट्स मिले हैं। मुख्यमंत्री श्री बघेल ने इस उपलब्धि के लिए पूरी टीम को बधाई और शुभकामनांए दी। इस अवसर पर 'मोहिनी' गीत की गीतकार कंपोजर व गायिका सुश्री मोनिका वर्मा एवं गायक तोषांत कुमार मौजूद थे।

## खैरागढ़ का जनादेश विनम्रतापूर्वक स्वीकार, मतदाताओं का सम्मान, धन्यवाद- भाजपा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर।** छत्तीसगढ़ प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने खैरागढ़ विधानसभा उपचुनाव के नतीजे पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए कहा है कि भाजपा जनादेश का सम्मान करती है। खैरागढ़ विधानसभा क्षेत्र के मतदाताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए उन्होंने विजयी प्रत्याशी को बधाई दी।

श्री साय ने कहा कि जनता के हित में भूपेश बघेल सरकार के खिलाफ भाजपा लगातार संघर्षरत रहेगी। भाजपा के कार्यकर्ता कांग्रेस घोषणा पत्र के सभी 29 बिंदुओं पर अमल के लिए इसी क्षण से भूपेश बघेल सरकार के विरुद्ध संघर्ष करने तैयार हैं। हम अपने सभी कार्यकर्ताओं की संघर्ष क्षमता को नमन करते हुए उनके प्रति कृतज्ञता ज्ञापित करते हैं, जिन्होंने सत्ता और उसके चाटुकार प्रशासन की तानाशाही तथा कांग्रेस के कारनामों का जमकर मुकाबला किया।

प्रदेश भाजपा अध्यक्ष विष्णुदेव साय ने कहा कि कांग्रेस ने पहले जनता को झांसा देकर सत्ता हासिल की। उसके बाद जनता के साथ हर मुद्दे पर वादाखिलाफी की। यही झाँसेबाजी खैरागढ़ उपचुनाव में भी की गई है। कांग्रेस के घोषणा पत्र के सभी बिंदु उसकी सरकार की विफलता का दस्तावेज हैं। साढ़े तीन साल तक कांग्रेस की सरकार ने अगर कोई काम किया होता तो खैरागढ़ उपचुनाव में 29 वादे करने की जरूरत नहीं पड़ती।

# मेखला की प्रस्तुति ने बांधा समां, लोगों को झूमने किया मजबूर बंगाली समाज ने नववर्ष पर सांस्कृतिक संध्या का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** बंगाली समाज द्वारा धूमधाम से नववर्ष पयला बोइशाख मनाया गया। 15 अप्रैल को भिलाई बंगाली समाज द्वारा नव वर्ष के उपलक्ष में ओपन एयर थिएटर सिविक सेंटर भिलाई में सांस्कृति कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में अतिथि के रुप में भिलाई नगर निगम की महापौर नीरज पाल, सांसद विजय बघेल, रिसाली नगर निगम के पार्षद अनूप डे आदि उपस्थित थे।



कार्यक्रम के प्रारंभ में विगत दो वर्षों के अंतराल में कोरोना व अन्य दुर्घटनों से हुई समाज के लोगों की मौत पर मृतकों को दो मिनट का मौन रख श्रद्धांजलि अर्पित की गई। भिलाई बंगाली समाज के अध्यक्ष डीके दत्ता ने उपस्थित जनों को बंगाली नव वर्ष की शुभकामनाएं दी। अतिथियों ने भी कार्यक्रम को संबोधित किया। कार्यक्रम का संचालन सुभाशीष डे ने किया।

कोरोना महामारी के कारण 3 वर्षों बाद समाज द्वारा ये कार्यक्रम आयोजित किया गया। लंबे अंतराल के बाद कार्यक्रम आयोजित होने से समाज के सभी वर्ग के लोग उत्साहित नजर आए। कार्यक्रम में भिलाई के अलावा भिलाई-तीन, चरोदा, कुम्हारी, जामुल, उतई, दुर्ग सहित सहित आसपास क्षेत्रों के लोग सपरिवार शामिल हुए। कार्यक्रम में कोलकाता की उभरती हुई कलाकार जी सारेगामापा फेम मेखला दासगुप्ता वह उनकी टीम द्वारा प्रस्तुत किए गए बांग्ला व हिंदी के सुमधुर नए पुराने गीतों को लोगों ने खूब सराहा। उनकी गीतों ने लोगों को झूमने मजबूर किया।

इस दौरान डीके दत्ता अध्यक्ष, राजदीप सेन, मानव सेन, शेखर भट्टाचार्य, प्लावन बोस, सुबीर रॉय, बिमान दास, सुप्रभात पाल, सुबीर भट्टाचार्य, संजीव मुखर्जी, रंगून सेनगुप्ता, तरुण पाल, उज्जल मजूमदार, विश्वजीत मजुमदार, शुभाशीष डे, गोपाल चक्रवर्ती, भुवन चटर्जी, शुभेंदु बागची, सुमन चक्रवर्ती, अरुण सरकार, अशोक बनर्जी, सुभांकर रॉय, आकाश माझी, दीप माझी, ऋषभ पाल, अरूण सरकार, तरूणकांति पाल, भूवन चक्रबर्ती, स्वराज बैनर्जी, समीर घोसाल, अमोल बिश्वास, इन्द्रनील साहा, अंजन दास, अपर्णा मुखर्जी, भूमि रॉय, श्रीमती मामोनी सेनगुप्ता, प्रवीर कर, गोपाल चक्रवर्ती, सहित बड़ी संख्या में सदस्य व युवा कार्यकर्ता उपस्थित थे। यह जानकारी मीडिया प्रभारी सुभांकर रॉय ने दी है।

## तोड़ू दस्ते ने हेलीपैड से हटाया बेजा कब्जा

**कोरबा।** नगर निगम क्षेत्र में बेजा कब्जा हटाने का अभियान जारी है। तोड़ू दस्ते ने हेलीपैड रोड पर ऐसे मामलों में एक बार फिर कार्रवाई की। इससे पहले संबंधित लोगों को नोटिस दिया गया। जबकि पुरानी परमिशन को निगम ने दरकिनार कर दिया है। घंटाघर से हेलीपैड जाने वाले रास्ते पर सड़क के किनारे ठेले गुमटिया लगाई गई हैं। नगर निगम को सूचना मिली थी कि संचालकों ने इसकी आड़ में बड़ा हिस्सा घेर लिया है और अवैध तरीके से कामकाज किया जा रहा है। देर रात को भी यहां अराजक तत्वों की उपस्थिति दर्ज हो रही थी और इसी कारण आसपास का माहौल खराब हो रहा था। अंग्रेजों ने इस पर आपत्ति दर्ज कराने के साथ निगम को शिकायत की थी। इस पर संज्ञान लेने के साथ निगम की टीम यहां पहुंची। तोड़ू दस्ते के प्रभारी योगेश राठौर ने बताया कि स्थिति का जायजा लेने के साथ यहां पर कार्रवाई की गई है और उसी से को हटा दिया गया है जहां पर अवैध कब्जा किया गया था।













तकिया 2 नग 100/- 2 नग 150/-
तकिया फाईबर 2 पीस 250/-
गद्दा सादा 200/-
गद्दा 3x6 हाथ बाउडर (8kg) 550/-
गद्दा 4x6 हाथ बाउडर (10kg) 600/-
गद्दा 4x6 हाथ बाउडर (15kg) 750/-
सि चादर सैट 150 से 500 तक
डबल चादर सैट 250 से 1500 तक
पैरदान 20/- 200 तक
मच्छरदानी सि डबल
फोम गद्दा 500 से 1500
डनलप गद्दा सि. 1300 से 8000 ड. 2800 से 20000
संजय रुई भंडार
पंडरी मेन रोड, रायपुर
7987081626, 7987918262






## खास खबर

### परिवहन विभाग की सख्ती, रायपुर में 94 स्कूल बसों की जांच में 29 न फिट न बीमित

**रायपुर ( ए )।** शिक्षण संस्थानों में नया सत्र शुरू होने से पहले परिवहन विभाग ने स्कूली बसों पर नकेल कसनी शुरू कर दी है। परिवहन विभाग के अधिकारियों ने सर्वप्रथम राजधानी के तीन शिक्षण संस्थानों दिल्ली पब्लिक स्कूल, सेंट जेवियर्स और रेयान पब्लिक स्कूल में संचालित बसों का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान परिवहन विभाग की टीम ने कुल 94 स्कूल बसों की जांच की, जिसमें 29 बसों में बीमा और फिटनेस संबंधित खामियां मिली हैं। इन वाहनों से विभाग ने कुल 86 हजार रुपये का राजस्व वसूल किया है। परिवहन अधिकारी का कहना है कि स्कूल बसों में सुप्रीम कोर्ट की गाइडलाइन का पालन नहीं करते पाया गया तो कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

परिवहन विभाग के अधिकारी ने बताया कि विभाग की टीम स्कूल बसों की औचक जांच करने पहुंची। शहर के दिल्ली पब्लिक स्कूल में 67 बस तथा सेंट जेवियर्स और रेयान पब्लिक स्कूल की 27 बसों में मुख्य रूप से परमिट, फिटनेस, बीमा, पीयूसी, बस चालक का लाइसेंस 5 वर्ष के अनुभव के साथ साथ पुलिस द्वारा दिया गया चरित्र प्रमाण पत्र, स्कूल बस में अनिवार्य रूप से महिला परिचालक और उनका लाइसेंस जैसे दस्तावेजों के साथ ही स्कूल बसों में सीसीटीवी, जीपीएस लगा होना और स्कूल संचालक द्वारा उनकी ट्रैकिंग करने की व्यवस्था, स्पीड गवर्नर, वैघ अवधि का अग्नि समन यंत्र उचित मात्रा में भरा हुआ साथ ही उसे चलाने का अनुभव चालक व परिचालक द्वारा चलवाकर देखा गया। फर्स्ट एड बाक्स में उचित दवाई वैधता की भी जांच की गई। स्कूल बसों की खिड़कियों में सुरक्षा राड आदि की जांच की, जिसमें 29 गाड़ियों में बीमा और फिटनेस नहीं पाया गया है।

### डाक्टर-इंजीनियर बनने के सपनों को पंख दे रही पिता-बेटी की निःशुल्क क्लास

**रायपुर ( ए )।** हर मां-बाप का सपना होता है कि उनकी संतान डाक्टर-इंजीनियर बनकर अपना तो विकास करे ही, समाज के विकास में भी योगदान दे। आज की स्थिति में डाक्टर-इंजीनियर की पढ़ाई करना आसान बात नहीं रह गई है। इस परीक्षा की तैयारी में ही लाखों रुपये खर्च हो जाते हैं। ऐसे में राजधानी निवासी पिता-बेटी की नि:शुल्क क्लास विद्यार्थियों के सपनों का पंख दे रही है। समाज में सकारात्मक योगदान के लिए नागेंद्र प्रसाद सिंह एवं उनकी बेटी जिज्ञासा सिंह राणा ने मिलकर तथागत ट्रस्ट का निर्माण किया है। इस ट्रस्ट के माध्यम से देश की भावी पीढ़ी के भविष्य को संवारने का प्रयास किया जा रहा है। इसके लिए तथागत ट्रस्ट ने नि:शुल्क कोचिंग का रास्ता अपनाया है। राजधानी के सैफायर ग्रीन फेज दो मकान क्रमांक 438 बरौदा और बालोद के आदिवासी बहुल क्षेत्र विधानसभा डोंडीलोहारा के डौंडी में पिछले कई साल से नि:शुल्क पढ़ाई कराई जा रही है। यहां मध्यम और वंचित वर्ग के विद्यार्थियों को विभिन्ना प्रतियोगी परीक्षाओं के लिए न केवल मार्गदर्शन , बल्कि उन्हें उनके सपनों को पूरा कराने के लिए भी पहल की जा रही है।

राजधानी रायपुर पर चढ़ा भगवा रंग

# जय श्री राम के नारे के साथ निकाला जुलूस शिवसेना के मंच पर नजर आए महापौर ढेबर






**रायपुर ( ए )।** शनिवार की रात तो रायपुर शहर भगवा रंग में रंगा नजर आया। चारों तरफजय श्रीराम के नारे थे और भक्ति गीतों पर नाचते युवक नजर आ रहे थे। मंदिरों में भगवान हनुमान के भजन बज रहे थे और हर सड़क पर भंडारे के बीच भक्त प्रसाद लेते दिखे। हनुमान जयंती की शाम शिवसेना ने रायपुर शहर में भगवान राम का एक विशाल जुलूस निकाला।

पिछले 30 सालों से भी अधिक समय से रायपुर में लगातार रामनवमी के मौके पर शिवसेना ऐसा जुलूस निकालती है। कोविड की वजह से जुलूस और बड़े धार्मिक कार्यक्रमों पर रोक लगी हुई थी। मगर इस बार राम भगवान राम के जुलूस की रौनक रायपुर शहर में देखने को मिली। फूल चौक से शुरू होकर यह जुलूस जय स्तंभ चौक, मालवीय रोड, सदर बाजार, कंकाली पारा, बढ़ाई पारा एमजी रोड से होता हुआ वापस फूल चौक लौटा।

फूल चौक पर शिवसेना ने अपना एक मंच भी तैयार किया था, यहां पर कार्यक्रम में बतौर अतिथि रायपुर शहर के महापौर एजाज ढेबर भी पहुंचे। शिवसेना नेता धनंजय परिहार से उन्होंने मुलाकात भी की। मंच से लोगों को संबोधित करते हुए एजाज ढेबर ने भगवान राम के आदर्शों पर चलने की सीख दी। इस जुलूस में शामिल झांकियों में भगवान राम और बजरंगबली की प्रतिमाएं स्थापित की गई थी। डीजे और धुमाल की जोशीली धुनों के बीच यह जुलूस शहर भर में भ्रमण करता नजर आया।

## बिरगांव में सूखने लगे हैंडपंप और पावरपंप, टैंकर से भरोसे जनता

**रायपुर ( ए )।** बिरगांव में गर्मी का आगाज होते ही पानी किल्लत शुरू हो गई है, क्योंकि निगम क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले 50 फीसद से अधिक हैंडपंप और पावरपंप सूखने लगे हैं। हैंडपंप सूखने से निगम की बेचैनी बढ़ गई है। वहीं निगम को खारुन नदी से भी पर्याप्त पानी नहीं मिल पा रहा है।



निगम बिरगांव के रहवासियों को पर्याप्त मात्रा में पानी मिल सके, इसके लिए जिन वार्डों में पानी का स्तर नीचे नहीं गया है, वहां बोर उत्खनन करवा रहा है। इसके साथ ही टैंकर से भी वार्डों में पानी की सप्लाई शुरू कर दी है, जिससे बिरगांव के रहवासियों की प्यास बुझ सके। बिरगांव निगम के अधिकारियों का कहना है कि हैंडपंप और पावर पंप सूखने लगे हैं, लेकिन टैंकर से पर्याप्त मात्रा में पानी की सप्लाई की जा रही है।

गौरतलब है कि बिरगांव नगर निगम में वर्तमान में कुल 40 वार्ड हैं। यहां की कुल एक लाख 25 हजार आबादी है। बिरगांव निगम के अंतर्गत 282 हैंडपंप में से 165 हैंडपंप और 478 पावर पंप में से 209 पावर पंप सूख गए हैं। जिन इलाकों में हैंडपंप और पावर पंप सूख गए हैं, वहां रोजाना 510 टैंकर से पानी की सप्लाई की जा रही है। वहीं निगम क्षेत्र के कुछ मुहल्लों जैसे उरला, अछोली, सरोरा, बुधवारी बाजार, उरकुरा, रावांभाठा और मठपारा में पाइपलाइन से पानी की सप्लाई की जा रही है, जिससे निगम के रहवासियों को पानी की दिक्कत न होने पाए।

### टैंकर के भरोसे पानी की सप्लाई

बिरगांव नगर निगम प्रत्येक वार्ड में टैंकर से पानी की सप्लाई कर रहा है। पानी के लिए बिरगांव के रहवासी घंटों टैंकर का इंतजार करते धूप में खड़े रहते हैं, तब जाकर कहीं उनकी बारी आती है। बिरगांव के रहवासियों का कहना है कि पानी के इंजतार में कभी-कभी ड्यूटी जाने में देर हो जाती है। उनका कहना है कि हर साल इस समस्या से गुजरना पड़ता है, इसलिए निगम की स्थायी रूप से व्यवस्था बनानी चाहिए, जिससे इस समस्या से निजात मिल सके।

## मंत्री डॉ. टेकाम ने दुरूगपाली में बुढ़ादेव मंदिर की स्थापना और सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया

### राम अरण्ड और कसहीबहार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए स्वीकृत

श्रीकंचनपथ न्यूज




**रायपुर।** आदिम जाति तथा अनुसूचित जाति विकास मंत्री डॉ. प्रेमसाय सिंह टेकाम ने महासमुंद जिले के पिथौरा विकासखण्ड के ग्राम दुरूगपाली में ध्रुव गोंड़ समाज द्वारा आयोजित बुढ़ादेव मंदिर की स्थापना और सामुदायिक भवन के लोकार्पण कार्यक्रम में शामिल हुए। उन्होंने वहां बुढ़ादेव मंदिर की स्थापना और सामुदायिक भवन का लोकार्पण किया।

मंत्री डॉ. टेकाम ने इस अवसर पर कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए ग्राम अरण्ड और कसहीबहार में सामुदायिक भवन निर्माण के लिए 10 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। संसदीय सचिव द्वारिकाधीश यादव ने ग्राम दुरूगपाली आदिवासी समाज के सामुदायिक भवन अहाता निर्माण के लिए 10 लाख रूपए स्वीकृत करने और जिला पंचायत अध्यक्ष उषा पटेल द्वारा ग्राम दुरूगपाली में शौचालय और जल व्यवस्था के लिए 5 लाख रूपए स्वीकृत करने की घोषणा की। मंत्री डॉ. टेकाम ने कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए कहा कि आदिवासी समाज के लोग बुढ़ादेव की पूजा पाठ में महुआ फूल चढ़ाते हैं। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री भूपेश बघेल ने महुआ बिनने वाले वनवासी की आर्थिक स्थिति सुधारने के लिए अब महुआ फूल का समर्थन मूल्य 33 रूपए किलो तय किया है। पहले महुआ फूल का मूल्य 17 रूपए किलो था। समर्थन मूल्य बढ़ने से व्यापारी और बाजार में इसका मूल्य 45 रूपए किलो तक हो गया जिसका सीधा फायदा वनवासी आदिवासियों को मिल रहा है।

इस अवसर पर मध्य क्षेत्र आदिवासी विकास प्राधिकरण के सदस्य मोहित ध्रुव, सदस्य अनुसूचित जनजाति आयोग गणेश ध्रुव, सदस्य युवा आयोग अनुराग शर्मा, जिला अध्यक्ष गोंड़ समाज मनराखन ठाकुर, जिला अध्यक्ष सर्व आदिवासी समाज कृष्णा कुमार ध्रुव, संरक्षक दुलार सिंह ध्रुव, कोषाध्यक्ष शिवचरण ध्रुव सहित पंचायत राज संस्थाओं के प्रतिनिधि तथा आदिवासी गोंड़ समाज के पदाधिकारी और ग्रामवासी उपस्थित थे।

## छत्तीसगढ़ के 4,524 हेल्थ और वेलनेस केंद्रों में एम्स देगा सहयोग




**रायपुर ( ए )।** आयुष्मान भारत-हेल्थ एंड वेलनेस केंद्र में एम्स के चिकित्सक भी सहयोग देंगे। प्रदेश के 4,524 केंद्रों में एम्स ने सक्रियता बढ़ा दी है। इस पहल के जरिए रोगियों को आपातकालीन चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध की जा सकेगी। देश में हेल्थ एंड वेलनेस केंद्रों की चौथी वर्षगांठ पर दिल्ली में केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्री डा. मनसुख मांडविया के निर्देशन में आयोजित आनलाइन कार्यक्रम में भाग लेने के बाद एम्स के निदेशक डा. नितिन एम. नागरकर ने बताया कि देश भर में 1.17 लाख हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर चिकित्सा व्यवस्था को सुदृढ़ बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रहे हैं।

### गंभीर रोगी अब समय पर चिह्नित कर किए जा रहे रेफर

प्रदेश में 4,524 केंद्रों की मदद से एम्स तक गंभीर रोगी अब समय पर चिह्नित कर रेफर किए जा रहे हैं। इन केंद्रों में डायबिटीज, स्तन कैंसर, सर्वाइकल कैंसर, मुंह का कैंसर और टीबी जैसी रोगियों की प्राथमिक स्क्रीनिंग कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा के लिए जिला अस्पतालों या एम्स में भेजा जा रहा है। इससे रोगियों को समय पर चिकित्सा मिल पा रही है। एम्स इन केंद्रों के लिए हेल्थ हब के रूप में कार्य कर रहा है। उन्होंने बताया कि केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने 17 अप्रैल को योग संबंधी सेशन आयोजित करने और 18 अप्रैल को ब्लाक स्तर पर हैल्थ मेला लगाने का निर्णय लिया है।

इससे रोगियों की प्रारंभिक जांच कर उन्हें विशेषज्ञ चिकित्सा प्रदान की जाएगी। इसके साथ ही उन्होंने टीबी उन्मूलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने के लिए एम्स के पल्मोनरी विभाग को बधाई दी। छत्तीसगढ़ को पांच करोड़ से कम जनसंख्या वाले प्रदेशों में टीबी उन्मूलन के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय की ओर से प्रथम पुरस्कार प्रदान किया गया है। आनलाइन कार्यक्रम में एम्स के चिकित्सकों और चिकित्सा कर्मचारियों ने भी हिस्सा लिया।

# छत्तीसगढ़ में अपनी जमीन पर लौटना चाहते हैं विस्थापित आदिवासी, 100 ने दिया आवेदन

**रायपुर ( ए )।** नक्सल हिंसा की वजह से बस्तर संभाग के दंतेवाड़ा, सुकमा और बीजापुर जिले से विस्थापित आदिवासी अब अपनी जमीन पर लौटना चाहते हैं। मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिले आश्वासन के बाद पहले चरण में ऐसे 100 विस्थापितों ने वापसी के लिए आवेदन दिया है। यह आवेदन बस्तर संभाग आयुक्त कार्यालय को सौंपा गया है। इनमें से तीन इस वक्त आंध्रप्रदेश और बाकी सभी तेलंगाना में रह रहे हैं। बस्तर संभाग आयुक्त श्याम लाल धावड़े ने कहा कि जो भी आदिवासी लौटना चाहते हैं मुख्यमंत्री के निर्देशानुसार उनके पुनर्वास की पूरी व्यवस्था की जाएगी। उन्होंने बताया कि पहले चरण में मिले सभी आवेदनों को आगे की



कार्यवाही के लिए संबंधित कलेक्टरों को भेज दिया गया है। बता दें कि 17 वर्ष पहले 644 गांवों के करीब 55 हजार आदिवासी यहां से अपना सबकुछ छोड़कर पड़ोसी राज्य अविभाजित आंध्र प्रदेश में चले गए थे। इनमें से बहुत से आदिवासी अब आंध्र प्रदेश और तेलंगाना में ही रहना चाहते हैं। इसके लिए उन्होंने केंद्र सरकार से मदद की गुहार लगाई है।

### सीएम ने सुरक्षित स्थानों पर बसाने का दिया है भरोसा

पुनर्वास की मांग को लेकर आदिवासियों का प्रतिनिधिमंडल इसी महीने मुख्यमंत्री भूपेश बघेल से मिला था। मुख्यमंत्री ने उनकी मांग पर कहा कि छत्तीसगढ़ वापस आने के इच्छुक लोगों को जमीन देने के साथ उन्हें राशन दुकान, स्कूल, रोजगार सहित मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का भरोसा दिलाया है। साथ ही बस्तर संभाग आयुक्त को पड़ोसी राज्यों से समन्वय के लिए नोडल अफसर की जिम्मेदारी सौंपी है।

### वहीं रहना चाहता है कई परिवार

यहां से गए कई आदिवासी परिवार अब तेलंगाना और आंध्र प्रदेश में ही रहना चाहते हैं, लेकिन वहां की सरकार मदद नहीं कर रही है। उल्टे दोनों पड़ोसी राज्य सरकारें अब इन आदिवासियों की समस्या बनने लगी हैं। आदिवासियों के अनुसार उन लोगों ने वहां स्थानीय लोगों की मदद से जंगल के किनारे खेती की जमीन तैयार किया था, उन जमीनों पर वहां की सरकार पौधा रोपण के बहाने खाली करा रही है। ऐसे में वहां रहने के इच्छुक आदिवासी चाहते इस मामले में केंद्र सरकार से हस्तक्षेप चाहते हैं।

## ऑनलाइन परीक्षा के पहले दिन अजीबोगरीब नजारे कुछ दौड़ते-भागते पहुंचे तो कई ने कैंपस में लिखा पर्चा

**रायपुर ( ए )।** पं. रविशंकर शुक्ल विश्वविद्यालय की ऑनलाइन परीक्षाएं शनिवार से शुरू हुईं और कॉलेजों में दिखे अजीबोगरीब नजारें। सुबह 8 बजे प्रश्न पत्र छात्रों के मोबाइल और ईमेल पर भेज दिया गया था। 7 घंटे के भीतर दोपहर 3 बजे तक उन्हें पर्चे लिखकर कॉलेजों में जमा करना था। इतना समय भी छात्रों को कम पड़ गया और कई छात्र छात्राएं ऐन मौके पर भागते दौड़ते कॉलेजों में पहुंचे। कई छात्र तो वहीं कॉलेज कैंपस में ही सामूहिक रूप से बैठकर पर्चे बनाने लगे। सभी छात्र एक साथ आंसरशीट जमा करने पहुंचे इस वजह से वहां कॉलेजों के भीतर अफरा-तफरी की स्थिति बन गई और बाहर सड़कों पर जाम लग गया। शहर के लगभग सभी बड़े कॉलेजों में यही स्थिति रही। दुर्गा, महंत, डागा और छत्तीसगढ़ कॉलेज में भीड़ की वजह से निर्धारित समय दोपहर 3 बजे के बाद भी आंसरशीट ली जाती रही। साइंस कॉलेज और डिग्री गर्ल्स कॉलेज में भी यही स्थित रही। दुर्गा कॉलेज में तो आंसरशीट लेते लेते शाम हो गई। कॉलेज प्रशासन ने हालांकि आंसरशीट लेने के लिए काउंटर बनाए थे, लेकिन 90 फीसदी छात्र ऐन मौके पर जमा करने पहुंचे। इस वजह से काउंटर पर भीड़ लग गई। स्थिति देखते हुए कांउटर की संख्या बढ़ाई गई, उसके बाद भी छात्र-छात्राओं की लंबी लाइन लग गई। विवि की इस परीक्षा में करीब 1.84 लाख छात्र शामिल हो रहे हैं। परीक्षा को लेकर जारी गाइडलाइन के अनुसार घर से परीक्षा देना अनिवार्य नहीं है। छात्र चाहे तो कॉलेज या कहीं भी बैठकर पेपर लिख सकते हैं। दोपहर 3 बजे तक आंसर शीट जमा करना अनिवार्य है।

नंदनी रोड, लिंक रोड, सर्कुलर मार्केट, जवाहर मार्केट पावर हाउस, भिलाई के प्रतिष्ठित संस्थान विज्ञापन के लिए संपर्क करें:-
9303289950, 9827806026, 8962815243






















# आंखों की सेहत को गंभीर नुकसान पहुंचाती हैं ये तीन चीजें, बहुत जरूरी है इनसे परहेज

**आंखें, ईश्वर का वरदान मानी जाती हैं, चूंकि ये शरीर के सबसे नाजुक अंगों में से एक हैं ऐसे में इनके विशेष देखभाल की भी आवश्यकता होती है। चोट, धूप और प्रदूषण से आंखों की सुरक्षा करने के साथ इन्हें अंदुरुनी शक्ति प्रदान करने की भी आवश्यकता होती है। अध्ययनों से पता चलता है कि बाहरी सुरक्षा के साथ-साथ आंखों की आंतरिक सेहत पर भी ध्यान रखना आवश्यक माना जाता है। इसमें हमारे आहार की विशेष भूमिका होती है। रोजाना हम कई ऐसी चीजों का जाने-अनजाने सेवन करते रहते हैं जो आंखों के लिए काफी नुकसानदायक हो सकती हैं। कई चीजों का लंबे समय तक सेवन आपकी रोशनी को भी कम कर सकता है।**



शोध बताते हैं, शरीर के अन्य अंगों की ही तरह आंखों को भी उचित पोषण की आवश्यकता होती है। आंखों को सेहतमंद बनाए रखने के लिए आहार में विटामिन ए, ई, सी के साथ ओमेगा-3 फैटी एसिड वाली चीजों को जरूर शामिल करना चाहिए। आइए जानते हैं किन चीजों का सेवन आंखों के लिए नुकसानदायक माना जाता है? इन चीजों से दूरी बनाकर रखने की सलाह दी जाती है।

### जंक फूड्स हैं नुकसानदायक

जंक फूड्स न केवल शरीर के वजन को बढ़ा देते हैं साथ ही इनका अधिक सेवन आपकी आंखों के लिए भी नुकसानदायक माना जाता है। चिप्स, कुकीज और कैंडी जैसे स्नैक फूड्स का अधिक सेवन करने से शरीर को कई तरह से हानि पहुंचती है। इन चीजों में अस्वास्थ्यकर फैट के अलावा, नमक और चीनी की अधिकता शरीर के अंगों और संचार प्रणाली को प्रभावित करती है, जिससे आंखों में रक्त और ऑक्सीजन का प्रवाह बाधित होता है। जंक फूड्स के सेवन से बचना चाहिए।

### सोडा-कोल्डड्रिक के नुकसान

गर्मियों के दिनों में सोडा और कोल्ड ड्रिक्स लोगों की पहली पसंद होते हैं, ये शरीर को तरावट देने के साथ आपको रिफ्रेश महसूस करा सकते हैं। पर क्या आप जानते हैं कि इनका सेवन शरीर के लिए बहुत नुकसानदायक माना जाता है?

शोध में पाया गया है कि कोल्ड ड्रिक्स में उच्च मात्रा में फरुक्टोज होती है जो ब्लड शुगर को बढ़ा देती है। शोधकर्ताओं ने पाया कि इस प्रकार के मिठास का उपयोग करने वाले पेय, ट्राइग्लिसराइड के स्तर को बढ़ाते हैं जिससे हाई ब्लड प्रेशर की समस्या हो सकती है। यह स्थिति आपकी आंखों के लिए समस्या पैदा कर सकती हैं।

### तली हुई चीजें

तली हुई चीजें जैसे पकौड़े, समोसे आदि अगर आपको बहुत पसंद हैं तो इनका सेवन कम कर दीजिए। ये आपकी आंखों को लिए हानिकारक हो सकते हैं। तली हुई चीजों में मोनोअनसैचुरेटेड और पॉलीअनसेचुरेटेड फैट की अधिकता होती है जो रक्तचाप को बढ़ा सकती है। इसके परिणामस्वरूप आंखों को क्षति पहुंचने का जोखिम भी बढ़ जाता है। आंखों को स्वस्थ रखने के लिए वसायुक्त खाद्य पदार्थों के अधिक सेवन से बचें।

### आंखों को सेहतमंद रखने के लिए क्या खाएं?

आंखों की रोशनी को बनाए रखने और इससे संबंधित कई तरह की बीमारियों से बचाव के लिए आहार में स्वस्थ और पौष्टिक चीजों को अधिक से अधिक मात्रा में शामिल करें। अंडे, हरी पत्ते वाली सब्जियां, खट्टे फल और जामुन, ओमेगा -3 फैटी एसिड से भरपूर खाद्य पदार्थ, मछली, बादाम आदि का सेवन करना आपके लिए काफी फायदेमंद हो सकता है। इन चीजों को दैनिक आहार में जरूर शामिल करें।

# आलिया-रणबीर की रिसेप्शन में शाहरुख खान ने लूट ली सारी लाइमलाइट



रणबीर कपूर की रिसेप्शन पार्टी में शनिवार को बड़े बड़े सितारों की चमक देखने को मिली। करण जौहर से लेकर मलाइका अरोड़ा-अर्जुन कपूर, अयान मुखर्जी, आदित्य रॉय कपूर तक सभी इस पार्टी में शामिल होने के लिए वास्तु पहुंचे थे। इस दौरान इंडस्ट्री के बादशाह शाहरुख खान ने रिसेप्शन में पहुंच कर पूरी महफिल लूट ली। उनकी पत्नी गौरी खान को भी वेन्यू पर स्पॉट किया गया। हालांकि दोनों एक साथ नहीं अलग-अलग पार्टी में शिरकत करने पहुंचे थे। गौरी के पहुंचने के बाद सबको ऐसा लग रहा था कि शाहरुख खान पार्टी में शामिल नहीं होंगे लेकिन किंग खान ने वास्तु में अपनी ग्रैंड एंट्री से सबको चौंका दिया।

सूत्रों के मुताबिक, आलिया भट्ट और रणबीर कपूर ने इस पार्टी के लिए नो-गिफ्ट्स पॉलिसी रखी थी। इसके बारे में मेहमानों को पहले से ही सूचित कर दिया गया था कि वे कोई उपहार न लाएं। हालांकि करण जौहर को शैंपेन की बोतल के साथ स्पॉट किया गया।

बता दें कि रणबीर कपूर और आलिया भट्ट की शादी से लेकर रिसेप्शन तक की बात को काफी सीक्रेट रखा गया था। शादी के बाद कुछ मीडिया रिपोर्ट्स सामने आई थीं जिसमें कहा गया था कि शादी के बाद रिसेप्शन पार्टी नहीं दी जाएगी, लेकिन बाद में यह फैसला लिया गया कि एक गेट-टुगेदर की तरह रिसेप्शन पार्टी दी जाएगी।

## संजय दत्त का बयानः कैंसर का पता चलने पर घंटों रोए थे संजय, बोले-

# मैं अपने बच्चों और अपनी पत्नी के बारे में सोच रहा था

सजंय दत्त ने केजीएफ 2 में दमदार रोल निभाया है। इस फिल्म में उन्होंने अधीरा का किरदार निभाया है। लोग इनके एक्टिंग की काफी तारीफ कर रहे हैं। इनके काम की तरह ही इनकी पर्सनल लाइप भी चर्चा में रहती है। वह कभी भी अपने जीवन से जुड़ी चीजों पर बात करने से नहीं कतराते। हाल में एक्टर ने अपने कैंसर की बात की और बताया कि कैंसर का पता चलने पर वह घंटों तक फूट-फूटकर रोए थे।



### कैंसर का पता चलने पर डर गए थे

एक इंटरव्यू के दौरान संजय दत्त ने बताया कि 'वो लॉकडाउन का समय था। सीढ़ियां चढ़ते हुए मुझे सांस लेने में परेशानी होने लगी। जब मैं नहाया तो भी मुझसे सांस नहीं ली जा रही थी। मुझे नहीं पता था कि क्या हो रहा है, इसलिए मैंने अपने डॉक्टर को कॉल किया। इसके बाद मेरे एक्स-रे हुए तो पता चला कि मेरे आधे से ज्यादा फेफड़ों में पानी भर गया है। डॉक्टरों को ये पानी निकालना था और उनका मानना था कि ये टीबी हो सकता है, लेकिन वो कैंसर निकला।

### दो-तीन घंटे तक रोए थे संजय

उन्होंने आगे कहा कि 'जब मुझे पता चल गया कि कैंसर है। उस समय मेरी बहन आई थी, तो मैंने उससे कहा कि मुझे कैंसर हो गया है, अब क्या करें? इसके बाद सब लोगों ने बात की कि क्या किया जा सकता है। लेकिन मैं अपने बच्चों, पत्नी और जिंदगी के बारे में सोच कर दो-तीन घंटों तक खूब रोया। उसके बाद मुझे लगा कि नहीं मैं कमजोर नहीं पड़ सकता।'

### राकेश रोशन ने बताया था इलाज के लिए डॉक्टर


इसके बाद हमने यूएस में इलाज कराने के बारे में सोचा, लेकिन वीजा नहीं मिला। मैंने कहा कि मैं इलाज यहीं कराऊंगा। तब राकेश रोशन ने मुझे डॉक्टर के बारे में बताया। इसके बाद डॉक्टर से मुलाकात हुई तो डॉक्टर ने कहा कि आपको उल्टी होगी, बाल उड़ जाएंगे और भी बहुत कुछ होगा। इस पर मैंने डॉक्टर से कहा कि मेरे बाल नहीं उड़ेंगे। मेरी इस बात पर डॉक्टर भी हंसने लगी थी।

### कैंसर का डट कर किया सामना

एक्टर ने बताया कि 'मैं दुबई में कीमोथेरेपी के लिए जाता था और फिर बैडमिंटन कोर्ट जाकर दो-तीन घंटे खेला करता था। ये पागलपन था लेकिन मैं ऐसा किया करता था। उन्होंने कहा कि कैंसर से लड़ने के लिए उससे डरना नहीं, उसका डटकर सामना करना चाहिए। अब वह पूरी तरह स्वस्थ है और अपने रूटीन में वापस ढल रहे हैं। उनका कहना है कि उन्हें पुराना संजय दत्त वापस चाहिए।

# शुक्रवार के प्रेशर से ज्यादा मुझे क्रिटिक्स का डर लगता है, शाहिद के साथ काम करना सोने पर सुहागाः मृणाल ठाकुर

मृणाल ठाकुर की फिल्म जर्सी 22 अप्रैल को थिएटर में रिलीज होने जा रही है। इसमें उनके अपोजिट शाहिद कपूर हैं, जिनकी बचपन से मृणाल फैन रही हैं।



### जर्सी से जुड़ना कैसे हुआ?

घोस्ट स्टोरी के सेट पर जब अविनाश और करण जौहर के साथ शूट कर रही थी, तब जर्सी फिल्म के लिए कॉल आया था। उन्होंने बताया कि यह स्पोर्ट फिल्म है, जो क्रिकेट पर बेस्ड है। क्या आप इसका हिस्सा बनना चाहेंगी। मैं झिझक रही थी, क्योंकि ऑलरेडी तूफान फिल्म कर चुकी थी। दिमाग में यह था कि दो स्पोर्ट्स फिल्म कैसा होगा। लेकिन जब फिल्म की स्क्रिप्ट सुनी और उसके बाद जब इसका ओरिजनल वर्जन देखा, तब जिस तरह दोनों लीड एक्टर्स उसमें परफॉर्म किया था, वह मेरे दिल को छू गया। इतनी प्यारी स्टोरी लगी कि मैंने तुरंत हां कह दिया। मुझे आशा है कि यह फिल्म आएगी, तब लोगों को प्रेरित जरूर करेगी। साथ ही बताया 'शुक्रवार के प्रेशर से ज्यादा मुझे क्रिटिक्स का डर लगता है।'

### इस स्पोर्ट फिल्म को करने के पीछे फिजिकल तैयारी क्या रही?

हमारा फिल्म में दो पोर्शन है। एक पर्जेंट पोर्शन 90 का है और दूसरा अर्ली 90 का एक फेस था। दोनों एरा के लुक को दिखाया जाना था, इसके लिए वेट ट्रांसफॉर्मेशन थोड़ा हुआ था। मैंने चार से पांच किलो वजन कम किया था। लेकिन वापस आगे के लुक के लिए वजन बढ़ाना पड़ा। घर पर मम्मी को देखा कि किस तरह 80 और 90 के दशक में वह घर चलाती थीं।

इसके लिए ओरिजनल फिल्म की स्टार श्रद्धा का परफॉर्मेंस, डायरेक्टर का विजन और मम्मी की कुछ कहानियों लेकर अपने किरदार विद्या को गढ़ा है। यहां एक चीज कहना चाहूंगी कि जब गौतम सर फिल्म बना रहे थे, तब उन्होंने हमें कोई प्रेशर नहीं दिया। उन्होंने कहा कि मृणाल! यह विद्या का कैरेक्टर है, इसलिए अपने अंदाज में इसे निभाइए। यह सुनकर मेरा मन हल्का हो गया। फिर तो इस कैरेक्टर में ढल गई। बड़ा अनोखा कैरेक्टर है। अपने करियर में ऐसा कैरेक्टर अब तक प्ले नहीं किया है।

### आप शाहिद कपूर की फैन रही हैं। ऐसे में उनके साथ कैमरा फेस करना कितना इजी और कितना मुश्किल रहा?

बहुत ही मुश्किल था। शाहिद हों, जॉन अब्राहम हों या फिर ऋतिक रोशन हों, इन सबके पोस्टर और फोटो के कटआउट हमारे बुक में हुआ करते थे, जब हम पढ़ाई करते थे। अब इनके साथ काम करने का मौका मिल रहा है, तब बहुत ज्यादा खुश हूं। अब स्टोरी इतनी अच्छी हो और साथ में इतने उम्दा स्टार के साथ काम करने का मौका मिले, तब इसे सोने पर सुहागा समझती हूं। देहरादून में जहां फ्लैशबैक शूट कर रहे थे, वहां का माहौल ही बड़ा फन-लविंग था और उतना ही सीरियस माहौल था। अब प्रोमोशन के दौरान शाहिद को बड़े करीब से समझने का अवसर मिल रहा हूं। वे मेरी फैमिली मेंबर की तरह हैं। अपने करियर के कभी डिसीजन में पड़ जाती हूं, तब उनसे एक दफा जरूर पूंछती हूं।

### शाहिद के साथ कोई सेट पर कोई दिलचस्प वाकया हो, तो उसे शेयर कीजिए?


सेट पर शाहिद के साथ बहुत बड़ी बातें होती थीं, जिसे हमेशा याद रखना चाहूंगी। मैं शाहिद को बहुत ज्यादा रिस्पेक्ट इसलिए करती हूं, क्योंकि जिस तरह से वे अपनी फैमिली को प्यार करते हैं, जिस तरह से उनकी लव स्टोरी मीरा के साथ है या फिर उनके बच्चों की स्टोरी हो, इन सबको लेकर शाहिद बहुत ही जुनुनी इंसान हैं।

मैं अक्सर उनसे प्यार-भरे रिलेशनशिप के बारे में पूछती थी, तब उनका यही कहना होता था कि मृणाल, अगर दोनों में से कोई एक रिलेशनशिप में एफर्ड लेना कम कर दे, तब वह रिलेशनशिप डगमगा जाता है। पूरी जिंदगी उनकी बातें याद रखूंगी। चाहे वह मम्मी-पापा का रिलेशनशिप हो, हस्बैंड-वाइफ का रिलेशनशिप हो या फिर आपका और आपके दोस्त का रिलेशनशिप हो।

### आपकी आगामी फिल्मों में आंख मिचौली से लेकर पिप्पा, लेफ्टीनेंट राम, गुमराह आदि मूवी हैं। इन फिल्मों की स्थिति क्या है?

पिप्पा की अभी रिलीज डेट आई है। वह 9 दिसंबर, 2022 को रिलीज होगी। यह एक वॉर फिल्म है। आंख मिचौली दो साल पहले से रेडी है। उसके लिए प्रोड्यूसर का इंतजार कर रही हूं कि कब कहेंगे कि मृणाल हम इस तारीख को आ रहे हैं। जिस दिन कहेंगे, उस दिन बहुत खुश होऊंगी, क्योंकि बहुत कॉमेडी और फन-लविंग फिल्म है। एक फिल्म धड़ाम की शूटिंग जर्सी के प्रमोशन के बाद शुरू होगी। वर्किंग टाइटल लेफ्टीनेंट राम को पूरा करने के लिए सिर्फ तीन दिन बचे हैं। इसे पूरा करने के 15 दिन बाद धड़ाम करूंगी।

# विजय की फिल्म ने केजीएफ 2 के आगे टेके घुटने, चौथे दिन किया इतना कारोबार



नेल्सन दिलीप कुमार द्वारा निर्देशित फिल्म बीस्ट बॉक्स ऑफिस पर कुछ खास कमाल करती नहीं दिख रही है। केजीएफ चैप्टर 2 के साथ रिलीज हुई यह फिल्म यश के आगे फीकी पड़ती नजर आ रही है। साउथ सुपरस्टार दलपति विजय स्टारर यह फिल्म कमाई के मामले में भी पिछड़ती जा रही है। फिल्म को रिलीज हुए 4 दिन बीत चुके हैं, लेकिन इन 4 दिनों में भी फिल्म के कारोबार में कोई खास बढ़ोतरी देखने को नहीं मिली है।

इतना ही नहीं वीकेंड का भी इस फिल्म को फायदा नहीं मिल सका। इसकी वजह से अब साउथ एक्टर विजय स्टारर यह फिल्म केजीएफ चैप्टर 2 के आगे घुटने टेकती नजर आ रही है। अभिनेता विजय की स्टार पावर ने भले ही पहले दिन भीड़ को सिनेमा हॉल की तरफ खींच लिया था, लेकिन अब धीरे- धीरे यह भीड़ भी कम होती जा रही हैं।

शनिवार को भी यह फिल्म दर्शकों को सिनेमाघरों तक लाने में असफल रही। शुरुआती आंकड़ों के मुताबिक फिल्म ने शनिवार को घरेलू बाजार से लगभग 10 से 12 करोड़ की कमाई की, जबकि दुनियाभर के बॉक्स ऑफिस पर इस फिल्म ने लगभग 18 से 20 करोड़ का कारोबार किया। इसके साथ ही यह फिल्म 155 करोड़ रुपए ज्यादा की कमाई कर चुकी हैं। साउथ अभिनेता दलपति विजय की फिल्म बीस्ट (हिंदी में रॉ) घरेलू बाजार में 3 दिनों में 70.55 करोड़ का कारोबार कर चुकी है। फिल्म ने एपी/टीजी राज्य में कुल 11.55 करोड़, कर्नाटक में 11.15 करोड़, केरल से 8.80 करोड़ और विदेशी बाजार से 39 करोड़ रुपए की कमाई की है। इसके साथ ही फिल्म ने बीते 3 दिनों में कुल 143.90 करोड़ का कारोबार कर लिया है।

यह फिल्म सन पिक्चर्स द्वारा निर्मित है और इसका निर्देशन नेल्सन ने किया है। फिल्म की कहानी की बात करें तो फिल्म एक रॉ एजेंट पर आधारित है, जिसमें साउथ अभिनेता दलपति विजय बतौर मुख्य कलाकार नजर आ रहे हैं। रॉ एजेंट की भूमिका निभा रहे अभिनेता विजय फिल्म में हाइजैक हुए मॉल को आतंकवादियों से बचाते नजर आ रहे हैं। इस फिल्म के लिए एक्टर ने 100 करोड़ चार्ज किए हैं। विजय के साथ फिल्म अभिनेत्रा पूजा हेगड़े नजर आई हैं।

# बिग बी संग खूब जमी थी इस एक्ट्रेस की केमिस्ट्री, प्लेन क्रैश ने छीन ली जिंदगी



अभिनेत्री सौंदर्या मुख्य रूप से साउथ फिल्मों में सक्रिय थीं, लेकिन फिल्म सूर्यवंशम में अमिताभ बच्चन यानी हीरा ठाकुर की पत्नी बन उन्होंने बॉलीवुड में एक अलग पहचान बनाई थी। ये फिल्म भले ही उस समय बॉक्स ऑफिस पर सफल न रही हो लेकिन आज भी टीवी पर इसे देखा जाता है और इस फिल्म में बिग-बी और सौंदर्या की केमिस्ट्री दर्शकों को खूब पसंद आती है। हालांकि अब एक्ट्रेस सौंदर्या हमारे बीच नहीं हैं। 17 अप्रैल 2004 में एक प्लैन क्रैश में इस प्रतिभाशाली अभिनेत्री का निधन हो गया था।

### 100 से ज्यादा फिल्मों में किया था काम

अभिनेत्री सौंदर्या का असली नाम सौम्या सत्यनारायण था। इनके पिता कन्नड़ इंडस्ट्री में एक राइटर और प्रोड्यूसर थे। सौदर्या ने अपने करियर की शुरुआत 1992 में कन्नड़ मूवी गंधर्व से की थी। इंडस्ट्री में डेब्यू के शुरुआती दौर में ही इन्होंने कई सुपरस्टार्स के साथ काम किया और एक के बाद एक कई हिट फिल्में दीं। 12 साल के करियर में उन्होंने तकरीबन 100 से ज्यादा फिल्मों में काम किया।

### एक्टिंग के लिए छोड़ थी एमबीबीएस की पढ़ाई

अभिनेत्री सौंदर्या ने डॉक्टर बनने की तैयारी कर रही थीं और इसके लिए वह एमबीबीएस की पढ़ाई भी कर रही थीं लेकिन फिल्मों में करियर बनाने के लिए उन्होंने अपनी पढ़ाई को बीच में ही छोड़ दिया था। इसके बाद वह अभिनय की दुनिया में आ गईं और सफल भी रहीं।

# फिल्म की शूटिंग कर रहे वरुण धवन का कानपुर ट्रैफिक पुलिस ने काटा चालान

वरुण धवन का हाल ही में कानपुर की ट्रैफिक पुलिस ने चालान काटा है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है, जिसमें पुलिस ने वरुण को बिना हैलमेट के बाइक चलाने के लिए चालान इश्यू करती नजर आ रही है। एक्टर फिलहाल कानपुर में अपनी अपकमिंग फिल्म बवाल की शूटिंग कर रहे हैं।

वरुण को कानपुर की गलियों में बाइक चलाते देख फैंस सरप्राइज हो गए। एक्टर के बाइक चलाते हुए कई वीडियोज और फोटोज सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहे हैं। इस दौरान वरुण ने शहर में अपने फैंस को ऑटोग्राफ भी दिया। हालांकि, एक्टर को बिना हैलमेट बाइक चलाते देख कानपुर की ट्रैफिक पुलिस ने उन्हें चालान इश्यू कर दिया। रिपोर्ट्स के मुताबिक, वरुण की बाइक की नंबर प्लेट भी ट्रैफिक गाइडलाइंस के अकॉर्डिंग नहीं थी।

वरुण धवन फिलहाल कानपुर में अपनी अपकमिंग फिल्म बवाल की शूटिंग कर रहे हैं। यह फिल्म साजिद नाडियाडवाला प्रोड्क्शन के बैनर तले प्रोड्यूस हुई है। फिल्म के डायरेक्टर नितेश तिवारी ने फिल्म की शूटिंग लोकेशन कानपुर को फाइनल किया था। बवाल शहर के कई हिस्सों में शूट की जाएगी। वरुण फिल्म में एक टीचर के रोल में नजर आएंगे। फिल्म में जाह्नवी कपूर भी लीड रोल में है। बवाल 7 अप्रैल 2023 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

कलश ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषण के निर्माता एवं विक्रेता
हमारे यहां उचित ब्याज पर गिरवी रखी जाती है।
देवांगन होटल के बाजू में, मुक्तिधाम रोड, रामनगर, भिलाई, जिला-दुर्ग
9074621825


भोलू मोबाईल रिपेयरिंग एवं साफ्टवेयर
सभी प्रकार के मोबाईल रिपेयरिंग किया जाता है

(All IC Work)
मो. - 87199 99358
9131918132
शॉप नं.-148, आकाशगंगा, सुपेला, भिलाई

चौरसिया ज्वेलर्स
आकर्षक सोने चांदी के आभूषणों के निर्माता एवं विक्रेता
बेन्टेक्स एवं ग्रहरत्न उपलब्ध यहां
उचित ब्याज दर पर गिरवी रखी जाती है

मुक्तिधाम रोड, रामनगर, सुपेला, भिलाई
9827938211, 9827171332

# बीएसपी में अग्नि सुरक्षा को सुदृढ़ करने वाले हुए पुरस्कृत

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेल-भिलाई इस्पात संयंत्र के अग्निषमन सेवा विभाग द्वारा अग्नि सुरक्षा को चुस्त-दुरूस्त करने के लिए तथा अग्नि सुरक्षा के प्रति लोगों को जागरूक करने के लिए विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया। इन प्रतियोगिताओं का उद्देश्य है कि संयंत्र में अपने कार्यस्थल के साथ-साथ दैनिक जीवन में अग्नि सुरक्षा के प्रति जागरूकता लाकर शुन्य अग्नि दुर्घटना को लक्ष्य को प्राप्त किया जा सके।**



इन प्रतियोगिताओं में संयंत्र के अधिकारियों व कर्मचारियों ने बढ़-चढ़ कर हिस्सा लिया। इसके तहत विजेताओं को प्रतीक चिन्ह, प्रमाण पत्र आदि से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार संयंत्र के निदेषक प्रभारी श्री अनिर्बान दासगुप्ता के करकमलों से प्रदान किया गया। पुरस्कार प्राप्त करने वाले विजेतागण इस प्रकार हैं:- लेडर ड्रील में प्रथम पुरस्कार: सेन्ट्रल फायर स्टेशन प्रभारी डिप्टी सीएफओ डॉ ए आर सोनटके, क्रू इंचार्ज अस्सिटेंट फायर ऑफिसर योगेश शर्मा एवं क्रू मेंम्बर है जितेन्द्र प्रसाद जे टी ने प्राप्त किया। इसी श्रेणी में द्वितीय पुरस्कार: सेन्ट्रल फायर स्टेशन टीम, के क्रू इंचार्ज अस्सिटेंट फायर ऑफिसर विशेष राठी एवं क्रू मेम्बर है प्रमोद सिंह राठौड़, योगेश नागेन्द्र। तृतीय पुरस्कार: कोक ओवन एवं प्लेट मिल संयुक्त टीम प्रभारी डिप्टी सीएफओ व्ही पी एस धामा, क्रू इंचार्ज सीनियर एफएसओ प्रविण सायरे, एवं एफएसओ गुलाब हिरवानी ने प्राप्त किया।

पंप ड्रील में प्रथम पुरस्कार: सीएफएस के क्रू इंचार्ज अस्सिटेंट फायर ऑफिसर विशेष राठी, तोरन लाल साहू, हरेन्द्र, द्वितीय पुरस्कार-क्रू इंचार्ज सीनियर एफएसओ दुर्गानंदन, शेख शकील सुल्तान, संजीव कुमार तथा तृतीय पुरस्कार क्रू इंचार्ज एफएसओर नितिन गवाड़े एवं क्रू मेम्बर जितेन्द्र कुमार तथा मिर्जा इसफान बेग ने प्राप्त किया है। बेस्ट फायरमैन अवार्ड से लीडिंग फायरमैन विनित वशिष्ट एवं लीडिंग फायरमैन महेन्द्र सिंह सम्मानित किया गया।

टैक्टीकल ड्रील में प्रथम पुरस्कार सीएफएस से क्रू इंचार्ज अस्सिटेंट फायर ऑफिसर आदित्य राणे, राजेष चंद्रवंषी, संदीप की टीम ने, द्वितीय पुरस्कार क्रू इंचार्ज एएफओ अभिषेक कुमार, रूपक चैधरी व महेन्द्र प्रताप सिंह की टीम ने तथा तृतीय पुरस्कार राजहरा फायर स्टेषन टीम प्रभारी डिप्टी सीएफओ अमित कात्रे ने प्राप्त किया है। होज़ लेईंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सीएफएस से तलविन्दर सिंह, द्वितीय पुरस्कार लेखराज मीणा तथा तृतीय पुरस्कार कोक ओवन फायर स्टेषन के राजेन्द्र मीणा ने प्राप्त किया। नॉट्स एण्ड लाईन प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सीएफएस से सुरज किरनाके, द्वितीय पुरस्कार भगचंद मीणा तथा तृतीय पुरस्कार ट्रेनिंग सेंटर के मानसिंग कोमा ने प्राप्त किया।

स्ट्रेचर लेसिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सीएफएस की टीम के अभिषेक कुमार और जगजीत यादव, द्वितीय पुरस्कार वेद प्रकाश और योगेश नागेन्द्र की टीम ने तथा तृतीय पुरस्कार भागचंद मीणा और सुरज किरनाके की टीम ने प्राप्त किया। इंडिविजुअल लैडर क्लैमिंग प्रतियोगिता में प्रथम पुरस्कार सीएफएस से अमन कुमार, द्वितीय पुरस्कार तलविन्दर सिंह तथा तृतीय पुरस्कार ट्रेनिंग सेंटर के संतोष साहू ने प्राप्त किया।

## खास खबर

### निस्तारी के लिए केशवा जलाशय से छोड़ा जाएगा पानी

**महासमुंद।** निस्तारी के लिए परेशान हो रहे ग्रामीणों के लिए राहत भरी खबर है। जिले के वृहद कोडार जलाशय से निस्तारी के लिए पानी छोड़ दिया है। राइट व लेफ्ट केनाल की सहायता से पूरे गांवों तक पानी पहुंचेगा। इससे तालाब लबालब हो जाएगा। गर्मी का पारा चढ़ते ही जिले के ग्रामीण इलाकों में निस्तारी सहित पेयजल की किल्लत शुरू हो गई है। तालाबों में पानी सूखने की वजह से निस्तारी की समस्या शुरू हो गई है। ग्रामीणों ने निस्तारी के लिए कोडार जलाशय से पानी छोड़ने की मांग की थी। अब तालाबों तक पानी पहुंचने लगा है। प्रतिदिन 155 क्यूसेस पानी छोड़ रहे हैं। कोडार जलाशय में 10 फीट पानी ही शेष है, इसे निस्तारी के लिए ही बचाकर रखा गया था। इधर 15 अप्रैल से केशवा जलाशय से छोड़ा जाएगा पानी जल संसाधन के उप विभागीय अधिकारी अशोक चंद्राकर ने बताया कि केशवा जलाशय में 14 प्रतिशत पानी है। ग्रामीण क्षेत्रों में निस्तारी के लिए केशवा जलाशय से पानी छोड़ा जाएगा। ग्रामीणों की मांग लगातार आ रही है। इस बार निगरानी अनिवार्य है, क्योंकि सिंचाई के लिए किसान कुलापा को खोल देते हैं। इसके बाद सारा पानी खेतों में चला जाता है।

### 95 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण का लक्ष्य, 1 मई से होगी तोड़ाई

**महासमुंद।** जिले में इस बार भी 95 हजार मानक बोरा तेंदूपत्ता का संग्रहण का लक्ष्य रखा गया है। विभाग ने तोड़ाई की लगभग सभी तैयारियां पूरी कर ली है। आगामी 1 मई से जिले में तोड़ाई का कार्य शुरू किए जाने की संभावना है। जानकारी के मुताबिक जिले के 78 प्राथमिक सहकारी समिति के अंतर्गत लगभग 787 फड़ों में तेंदूपत्ता संग्रहण किया जाना है। संग्राहकों ने बेहतर उत्पादन के लिए शाख कर्तन व अन्य व्यवस्थाएं कर ली है। फड़ों की सफाई जारी है। जैसे ही तेंदूपत्ता परिपक्व हो जाएंगे खरीदी की प्रक्रिया शुरू होगी। पिछले कुछ वर्षों से मई माह के प्रथम सप्ताह से ही खरीदी शुरू हो रही है। ग्रामीण इस बार भी अच्छे पत्ते होने की उम्मीद लगाए हुए हैं। बता दें कि विगत वर्ष भी जिले में 95 हजार मानक बोरा लक्ष्य था और 74 हजार 409 मानक बोरा तेंदूपत्ता संग्रहण किया गया था। इसकी वजह मौसम में हुआ बदलाव रहा था। इस वर्ष भी मौसम विभाग द्वारा जारी की गई अंधड़, गरज-चमक के साथ बारिश की चेतावनी ने संग्राहकों को चिंता में डाल दिया है। डीएफओ पंकज राजपूत ने बताया कि मौसम अच्छा रहा तो इस वर्ष तेंदूपत्ता की आवक अच्छी हो सकती है। हालांकि मौसम परिवर्तन की संभावना बनी हुई है। अच्छी गुणवत्ता वाले तेंदूपत्ता जिन इलाकों में बहुतायत रूप से मिलते हैं।

# अस्पताल सेवा के चार साल, उपलब्धियाँ है बेमिसाल : अनुराग ठाकुर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी) । केंद्रीय सूचना प्रसारण एवं खेल व युवा कार्यक्रम मंत्री अनुराग सिंह ठाकुर ने प्रयास संस्था द्वारा चलाई जा रही सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा अस्पताल के चार वर्षों के कार्यकाल को उपलब्धियों भरा बताते हुए इस अवसर पर ऊना में आयोजित विशाल चिकित्सा शिविर के सफल आयोजन पर अस्पताल टीम को बधाई दी है व इस अवसर पर गरिमामयी उपस्थिति और आशीर्वचन के लिए माननीय राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर जी का आभार प्रकट किया है।**



अनुराग सिंह ठाकुर ने कहा संविधान निर्माता बाबा साहेब भीम राव अम्बेडकर गरीब कल्याण के बड़े हिमायती थे और उन्हीं से प्रेरणा लेकर मैंने 14 अप्रैल 2018 को प्रयास स्वयंसेवी संस्था के माध्यम से अपने संसदीय क्षेत्र में सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की शुरुआत की थी। बेहतर स्वास्थ सुविधा प्रत्येक नागरिक की बुनियादी ज़रूरत है,मगर कई बार स्वास्थ केंद्रों के दूर होने या डॉक्टरों की उपलब्धता ना होने से दूर दराज़ इलाक़ों के लोग अच्छी स्वास्थ सेवा से वंचित रह जाते हैं, ऐसे में अस्पताल सेवा लोगों के लिए एक वरदान बनी है। यह हर्ष का विषय है कि सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा 4 वर्षों के इस कालखंड में लोगों के चेहरे पर मुस्कान बिखेरने का काम किया है। मात्र चार वर्ष के कालखंड में 6,22,354 किलोमीटर का चक्कर काटकर क़रीब 7,151,32 लोगों को उनके घर द्वार पर मुफ़्त जाँच, सलाह और उपचार करना अपने आप में एक उपलब्धि है जिसके लिए मैं पूरी अस्पताल टीम को बधाई देता हूँ। आगे बोलते हुए अनुराग ठाकुर ने कहा 2018 में 3 मोबाइल मेडिकल यूनिट से शुरू हुए अस्पताल के बेड़े में अब 32 गाड़ियाँ जुड़ चुकी हैं।

आज 7 जिले, 23 विधानसभा क्षेत्र, 1350 से ज़्यादा पंचायतें और 6400 से ज़्यादा गाँव इस अनूठी सेवा से लाभान्वित हो रहे हैं।आधुनिक चिकित्सीय सुविधाओं से परिपूर्ण सांसद मोबाइल स्वास्थ्य सेवा की वैनों में डॉक्टर, नर्स, लैब टेक्निशन और ड्राइवर तैनात होते हैं। वैन में डायग्नोस्टिक सेंटर और पैथोलॉजी लैब भी है। इसमें लिपिड प्रोफाइल, एलएफटी, केएफटी, शुगर ग्लूकोस, हेपेटाइटिस बी, हेपेटाइटिस सी जैसे अलग-अलग 40 टेस्ट की सुविधा और उनकी दवाएं भी मौजूद रहती हैं। आज अस्पताल सेवा की चौथी वर्षगाँठ पर 4 और विधानसभा नाहन, पावंटा साहिब, देहरा व जसवां प्रागपुर के लिए मोबाइल मेडिकल यूनिट को हरी झंडी दिखा कर रवाना करने के लिए माननीय राज्यपाल राजेंद्र अर्लेकर जी का मैं ह्रदय की गहराइयों से आभार प्रकट करता हूँ।

अनुराग ठाकुर ने कहा महामारी के समय भी अस्पताल सेवा के पहिए थमे नहीं बल्कि चाहे बिलासपुर में डेंगू फैलना हो या कोरोना महामारी के दौरान अस्पताल सेवा का राज्य सरकार के साथ मिलकर कोविड प्रसार को रोकना हो और दवा वितरण व इसकी प्राथमिक जाँच में अपना सहयोग देने का काम हो। अस्पताल सेवा के 65 फीसदी लाभार्थी महिलाएं और बुजुर्ग हैं। मोबाइल यूनिट पर जो कर्मचारी तैनात किए गये हैं उनमें 50 फिसदी स्वास्थ्य कर्मचारी महिलाएँ हैं जोकि महिला सशक्तिकरण का बड़ा उदाहरण है। इस चलते फिरते अस्पताल में सामान्य बुख़ार के ईलाज से लेकर स्तन कैंसर तक की जांच हो रही है और समय-समय पर चिकित्सा शिविरों के माध्यम देश के बड़े मेडिकल एक्सपर्ट्स के माध्यम से लोगों को लाभान्वित करने का काम किया जाता है।

# प्रकृति और धरती को सुरक्षित रखने का संकल्प है खद्दी पर्व : उमेश पटेल



श्रीकंचनपथ न्यूज

**रायपुर। उच्च शिक्षा, कौशल विकास मंत्री उमेश पटेल जशपुर जिले के दीपू बगीचा में सरहुल पूजा (खद्दी पर्व) में शामिल हुए और विधि विधान से पूजा-अर्चना कर प्रदेशवासियों के लिए सुख, समृद्धि, खुशहाली की कामना की। खद्दी पर्व धरती पूजा के अवसर पर समाज के प्रमुख लोगों ने मंत्री श्री उमेश पटेल को पारम्पारिक गमछा और पगड़ी पहनाकर स्वागत किया। उन्होंने पारम्पारिक वाद्य यंत्र बजाकर लोगों का उत्साहवर्धन किया।**

मंत्री श्री उमेश पटेल ने खद्दी पर्व के अवसर पर अपने उद्बोधन में कहा कि आज सामाजिक कार्यक्रम में शामिल होकर बहुत खुशी हो रही है। सदियों से ही प्रकृति और धरती को सुरक्षित रखने के लिए संकल्प लिया जा रहा है और हमें उन संकल्प को पूर्ण करना है। उन्होंने छत्तीसगढ़ शासन की योजनाओं का भी लाभ उठाने के लिए लोगों को प्रोत्साहित किया। मंत्री श्री पटेल ने कहा कि विद्यार्थियों की सुविधा को देखते हुए सन्ना में नवीन कॉलेज की शुरूआत की गई है, ताकि आस-पास के विद्यार्थियों को सुविधा का लाभ मिल सके।


विधायक श्री विनय भगत ने खद्दी पर्व धरती पूजा के अवसर पर सभी को अपनी हार्दिक बधाई और शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि समाज के लोगों द्वारा हर वर्ष हर्षोल्लास के साथ पर्व मनाया जाता है और समाज के लोगों के द्वारा एक जगह एकत्रित होकर धरती मां की पूजा-अर्चना किया जाता है और सभी के सुख, समृद्धि एवं खुशहाली की कामना की जाती है। उन्होंने समाज के सभी लोगों अपनी प्राकृतिक, सांस्कृतिक धरोहर को संरक्षित रखने का आग्रह किया। उन्होंने कहा कि अनेकता में एकता ही संस्कृति की सबसे बड़ी विशेषता है और इसकी विशेषता ही हमें आगे बढ़ाती है।

इस अवसर पर संसदीय सचिव एवं कुनकुरी विधायक श्री यू.डी.मिंज सहित पंचायती राज संस्थाओं के जनप्रतिनिधि, जिला एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारी और राजी पड़हा समाज के पदाधिकारी और समाज के लोग बड़ी संख्या में उपस्थित थे।

# सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई में इंटेलेकुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर वेबिनार का आयोजन

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई के रसायन स्नातकोत्तर विभाग एवं शासकीय स्नातकोतर महाविद्यालय कवर्धा के रसायन स्नातकोत्तर विभाग के संयुक्त तत्वावधान में इंटेलेक्चुअल प्रॉपर्टी राइट्स पर एक दिवसीय वेबिनार का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता गुरु घासीदास केंद्रीय विश्वविद्यालय के फार्मेसी विभाग के सहायक प्राध्यापक डॉ विवेकानंद मंडल थे।**



सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई के रसायन स्नातकोत्तर विभाग के विभागाध्यक्ष एवं नैक संयोजक डॉ जेम्स मैथ्यू ने ऑनलाइन सभा में सभी का स्वागत किया। मनोविज्ञान विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ. देबजानी मुख़र्जी ने पेटेंट की कागजी कार्यवाही की महत्ता को उजागर किया। रसायन स्नातकोत्तर विभाग की सहायक विभागाध्यक्ष डॉ. चंदा वर्मा ने विषय पर ध्यान केंद्रित करते हुए छात्रों को इस महत्वपूर्ण विषय एवं वेबिनार का भरपूर लाभ उठाने के लिए प्रेरित किया। सहायक प्राध्यापक डॉ अरविन्द साहू ने मुख्य वक्ता डॉ विवेकानंद मंडल का संक्षिप्त परिचय दिया। डॉ विवेकानंद मंडल ने अपने उद्बोधन में पेटेंट की कागजी कार्यवाही की परिचालन प्रक्रिया का वर्णन करते हुए भारतीय परिप्रेक्ष्य में पेटेंट और कॉपीराइट तथा नए अनुसंधानों से संबंधित कागजी कार्यवाही की जानकारी दी। अंत में उन्होंने छात्रों एवं प्राध्यापकों को नए अनुसंधानों के लिए पेटेंट आवेदन के लिए निवेदन किया7 वेबीनार के दौरान प्रतिभागियों एवं वक्ता के मध्य बहुत ही सुंदर संवाद हुआ7 वेबिनार का संचालन डॉ. चंदा वर्मा ने किया एवं शासकीय स्नातकोतर महाविद्यालय कवर्धा के रसायन विभाग की विभागाध्यक्ष डॉ दीप्ती जांगड़े ने कार्यक्रम का समापन किया तथा नैक संयोजक डॉ रिचा मिश्रा ने धन्यवाद ज्ञापन दिया। सभी प्राध्यापकों ने महाविद्यालय के प्रशासक रेवरेंट फादर डॉ जोशी वर्गीस, प्राचार्य डॉ एम जी रोईमोन तथा प्रभारी प्राचार्य डॉ मरियम जेकब के प्रति कार्यक्रम के प्रोत्साहन के लिए आभार व्यक्त किया7 वेबिनार के सफल संचालन में सेंट थॉमस महाविद्यालय, भिलाई के रसायन विभाग की सहायक प्राध्यापिका सुश्री मोहिनी शर्मा एवं तकनीकी सहायक अनिल वर्गीस ने महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

# उड़ान योजना को लोक प्रशासन में उत्कृश्ता के लिए प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया

श्रीकंचनपथ न्यूज

**नई दिल्ली (पीआईबी)।** नागरिक विमानन मंत्रालय की प्रमुख क्षेत्रीय संपर्क योजना उड़ान (उड़े देश का आम नागरिक) को नवाचार (सामान्य) - केंद्रीय श्रेणी के तहत लोक प्रशासन 2020 में उत्कृष्टता हेतु प्रधानमंत्री पुरस्कार के लिए चुना गया है।

भारत सरकार ने राज्य/सरकार के जिलों और संगठनों द्वारा किए गए असाधारण और अभिनव कार्यों को स्वीकार करने, उन्हें पहचानने और प्रोत्साहित करने के लिए इस पुरस्कार का शुभारंभ किया है। इस योजना में मात्रात्मक लक्ष्यों की उपलब्धि के अलावा सुशासन, गुणात्मक उपलब्धियों और अंतिम मील तक संपर्क पर जोर दिया गया है। पुरस्कार में एक ट्रॉफी, पट्टिका और 10 लाख रुपये का प्रोत्साहन शामिल है।



नागरिक विमानन मंत्रालय 21 अप्रैल को सिविल सेवा दिवस के अवसर पर इस पुरस्कार को प्राप्त करेगा। भारत सरकार द्वारा सिविल सेवा दिवस के अवसर पर विज्ञान भवन में एक विशेष कार्यक्रम आयोजित किया जाता है जहां मंत्रालय के प्रतिनिधि को पुरस्कार प्रदान किया जाएगा। 2016 में प्रारंभ की गई उड़ान योजना का उद्देश्य उड़े देश का आम नागरिक की अवधारणा का पालन करते हुए टियर द्वद्व और द्वद्वद्व शहरों में एक उन्नत विमानन बुनियादी ढांचे और हवाई संपर्क के साथ आम आदमी की आकांक्षाओं को पूरा करना है। 5 वर्षों की छोटी सी अवधि में आज 415 उड़ान मार्ग 66 अंडरसर्व्ड/अनसर्व्ड हवाई अड्डों को जोड़ते हैं, जिसमें हेलीपोर्ट और वाटर एयरोड्रोम शामिल हैं और 92 लाख से अधिक लोग इससे लाभान्वित हुए हैं। इस योजना के तहत 1 लाख 79 हजार से अधिक उड़ानें संचालित की गई हैं। उड़ान योजना ने पहाड़ी राज्यों, उत्तर-पूर्वी क्षेत्र और द्वीपों सहित संपूर्ण भारत के कई क्षेत्रों को अत्यधिक लाभान्वित किया है।

उड़ान का देश की अर्थव्यवस्था पर सकारात्मक प्रभाव पड़ा है और उद्योग हितधारकों विशेषकर एयरलाइंस संचालकों और राज्य सरकारों से उत्कृष्ट प्रतिक्रिया मिली हैं। इस योजना के तहत 350 से अधिक नए शहरों को जोड़ने की योजना है, जबकि 200 पहले से जुड़े हुए शहर हैं और यह भौगोलिक रूप से देश भर में व्यापक रूप से फैले हुए हैं और साथ ही इस योजना के माध्यम से संतुलित क्षेत्रीय विकास को सुनिश्चित किया जा रहा है जिसके परिणामस्वरूप आर्थिक विकास और स्थानीय लोगों को रोजगार मिलता है। इस योजना से सिक्किम में गंगटोक के पास पाकयोंग, अरुणाचल प्रदेश में तेजू और आंध्र प्रदेश में कुरनूल जैसे नए हरित क्षेत्र हवाई अड्डों का विकास हुआ। इस योजना से गैर-मेट्रो हवाई अड्डों के घरेलू यात्री हिस्से में 5 प्रतिशत की वृद्धि हुई।


YOGESH COMPUTER Sales & Service
All Computer Peripherals & Repairing
Hardware
CCTV Camera
Networking
Software
Yogesh Sirame Mo-9893342971 7748064280
Azad Chowk, Muktidham Road Ramnagar, Supela, Bhilai
Email : sirameyogesh@gmail.com

CAR DECOR
House Of Exclusive Seat Cover, Car Stereos Matting & Sun Control Film & Other Accessories
Shop No.3 Nafish Tower. Opp. Indian Coffee House, Akashganga, Bhilai
Mo.9300771925, 0788-4030919
K. Satyanarayan

GREEN COMPUTER
Sales, Services, Repairs
Laptop Repairing
Printer
Desktop
7/2, Dakshin Gangotri, Supela, Bhilai
0788-4083385

Y Fitness
• Gym Servicing
• Gym Equipment & Accessories Available
• Home Treadmill & Gym Service Available
start 17500/-
Bajaj Finance Available
Shop No. 10, 14, Block, Street No.-7 Dakshin gangotri, Supela, Bhilai Chhattisgarh
Facebook id - Protein Planet Bhilai
9098981555

मथुरावासी चाट सेंटर
शादी एवं पार्टियों के आर्डर लिए जाते हैं।
9893283525
जैन पान ठेला के सामने आकाश गंगा सुपेला

Jaquar Roca Parryware AJAY FLOWLINE
Shri Vijay Enterprises
Sanitarywares, Tiles, CPVC Pipes & Bathroom Fittings etc.
Supela Market, Bhilai
PH. 0788-4030909, 2295573

SAIRAM Mobile Accessories
कवर ही कवर
I-PHone,Samsung, MI, Oppo, Vivo, Nokia, HTC, Blue tooth Charger, Power Bank, Ear Phone, BT. Speakar
7000415602
Shop No. 78, Himalaya Complex, Supela, Bhilai

ROCKEY INDUSTRIES FURNITURE PALACE
Deals in: (Steel & Wooden) Luxury & Imported Furniture
Akash Ganga, Supela, Bhilai Ph. 2296430

दास गार्मेन्ट्स
जींस, शर्ट, टी-शर्ट, फ्राक सूट, फ्राक, फैंसी सलवार सूट एवं किट्स वियर,अंडर गारमेन्ट्स, गाउन के लेटेस्ट कलेक्शन
एक बार अवश्य पधारें
गणेश मार्केट, गुरुद्वारा, रोड सुपेला, भिलाई, 7828248067

Ashok JEWELLERY
Gifts • Toys • Cosmetics
Perfumes • Sia Jewellery
Beside Parakh Jewellers, Akash Ganga, Supela, Bhilai
Hello: 0788-4052727
Mukesh Jain 9009959111
Rishabh Jain 8103831329

## खास-खबर

### जेल से निकलने के बाद करने लगा चोरी, बाइक के साथ गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** लूटपाट के मामले में जेल से जमानत में बाहर निकलने के बाद आरोपित युवक चोरी करने लगा। सीपत पुलिस ने उसे मोटरसाइकिल चोरी के मामले में गिरफ्तर किया है। उसके कब्जे से एक मोटरसाइकिल जब्त की गई है। उसे न्यायिक रिमांड पर भेजा गया। मामला सीपत थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी राजकुमार सोरी ने बताया कि बीते नौ अक्टूबर को ग्राम झलमला निवासी गौरी शंकर साहू अपनी मोटर साइकिल से खेत की फसल देखने गए थे। उन्होंने नाला पुल के पास मोटर साइकिल को खड़ी कर दी। कुछ समय बाद वापस आए तब मोटरसाइकिल चोरी हो गई थी। पुलिस उनकी रिपोर्ट पर अपराध दर्ज कर मामले की जांच कर रही थी। शनिवार को सूचना मिली कि ग्राम गुड़ी निवासी अमन साहू (19) चोरी की मोटर साइकिल को बेचने की फिराक में घूम रहा है। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर अमन को हिरासत में लिया और मोटर साइकिल के दस्तावेज की मांग की। तब आरोपित अमन ने चोरी करने की बात स्वीकार की।

### फोटो जर्नलिस्ट के साथ की थी लूट

**बिलासपुर (ए)।** बीते आठ माह पहले आरोपित अमन साहू ने अपने छह साथियों के साथ मिलकर शहर के फोटो जर्नलिस्ट पवन सोनी के साथ मारपीट व लूटपाट की थी। आरोपित उनके कैमरे व पैसे लूटकर फरार हो गए थे। सरकंडा पुलिस ने घटना की सुबह छह आरोपितों को गिरफ्तार किया था। मामला अभी कोर्ट में चल रहा है। जमानत पर जेल से छूटने के बाद आरोपित अमन फिर से चोरी करने लगा।

### चोरी की बाइक के साथ दो गिरफ्तार

**बिलासपुर (ए)।** चोरी की मोटर साकिल से फर्राटे भरते एक युवक और एक नाबालिग को पुलिस ने गिरफ्तार किया है। आरोपितों के कब्जे से मोटर साइकिल जब्त की गई है। सिटी कोतवाली थाना प्रभारी प्रदीप आर्य ने बताया कि बीते 10 फरवरी को हर्ष गंभीर की मोटर साइकिल चोरी हो गई थी। शनिवार को टिकरापारा निवासी दानिश शेख और एक नाबालिग उसी मोटरसाइकिल पर घूम रहे थे। पुलिस की टीम ने घेराबंदी कर उन्हें को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपितों ने अपराध स्वीकार किया है।

### ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले चार लोगों को ग्रामीणों ने पुलिस को सौंपा

**बिलासपुर (ए)।** विद्युत ट्रांसफार्मर चोरी करने वाले चार लोगों को गांव वालों ने पकड़कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपित ट्रांसफार्मर को खंभे से नीचे उतारकर आटो में लोड कर भागने के फिराक में थे। पुलिस ने ट्रांसफार्मर, आटो, पाना, पेंचिस, तांबा तार जब्त किए हैं। घटना रतनपुर थाना क्षेत्र की है। थाना क्षेत्र के ग्राम नगपुरा के रहने वाले दिलेश वर्मा शनिवार सुबह गांव के मेला ग्राउंड की ओर जा रहे थे। इसी दौरान ट्रांसफार्मर के पास एक आटो खड़ी थी। उसमें चार लोग सवार थे। आटो के अंदर ट्रांसफार्मर कवर, कापर व एल्युमिनियम तार रखे हुए थे। उसे देखकर दिलेश को संदेह हुआ। फिर उन्होंने चारों लोगों से पूछताछ की। तब युवक आटो को छोड़कर भागने लगे। इसी बीच दिलेश ने गांव वालों को मोबाइल के माध्यम से सूचना दी और घेराबंदी कर पकड़ने को कहा। गांववालों ने उन्हें पकड़कर पूछताछ की। तब पता चला कि आरोपित सिविल लाइन क्षेत्र के अशरफ हुसैन(45), मंगला धुरीपारा निवासी बिसाहू राम सतनामी (42), सकरी हाफा के राजकुमार विश्वकर्मा (55) और कोटा गनियारी के दिनेश विश्वकर्मा (42) हैं।

घर में आग लगने से जिंदा जल गया युवक

# लपटों के चलते नहीं निकल सका बाहर जब तक आग बुझती, चले गई थी जान

**भिलाई।** दुर्ग जिले में एक घर में आग लगने एक युवक जिंदा जल गया। उसकी चीख पुकार सुनकर मोहल्ले के लोगों ने आग बुझाने का प्रयास किया, लेकिन जब तक आग बुझती, उसके पहले ही जलने से उसकी मौत हो गई। बाद में दमकल वाहन के पहुंचने पर आग को बुझाया गया और शव को बाहर निकाला गया।



भिलाई तीन थाने के टीआई विनय सिंह बघेल ने बताया कि आग लगने की घटना चरोदा बस्ती में हुई है। यहां कमल नारायण चौक के पास एक झोपड़ीनुमा घर है। उस घर में सोनू निषाद (42) अपनी छोटी बहन सोनिया निषाद (37) के साथ रहता था। सोनू मजदूरी करता था और उसकी बहन की मानसिक स्थिति ठीक नहीं होने से वह मोहल्ले में इधर उधर घूमती रहती है। शुक्रवार रात रोज की तरह सोनू काम से लौटा। घर में खाना बनाया खाया और शराब के नशे में सो गया। देर रात अचानक घर के सामने के कमरे में आग लग गई। सोनू की नींद खुली तो उसने अपने आपको आग से घिरा पाया। चारों तरफआग लगने से वह घर के बाहर नहीं निकल पाया। इससे जान बचाने के लिए वह अंदर की तरफ बने दूसरे कमरे में घुस गया। देखते ही देखते आग ने उस कमरे को भी अपनी चपेट में ले लिया। आग से जलने के चलते सोनू मदद के लिए चिल्लाता रहा। उसकी चीख पुकार सुनकर पड़ोसियों ने आग को बुझाने की कोशिश की, लेकिन आग नहीं बुझी। लोगों ने फायर ब्रिगेड को फोन किया। जब तक फायर ब्रिगेड पहुंचती और आग को बुझाती सोनी की आग में जलकर मौत हो गई। आग बुझने के बाद सोनू के शव को बाहर निकाला गया।

### चूल्हे से आग लगने की कही जा रही बात

बताया जा रहा है कि आग चूल्हा जलाने से लगी है। सामने जिस कमरे में सोनू सोया हुआ था, वहीं पर चूल्हा भी था। पुलिस का कहना है कि सोनू ने चूल्हे में खाना बनाया होगा और आग को ठीक से बुझाया नहीं होगा। इससे आग भड़क गई और झोपड़ी में लग गई।

### टाउनशिप में आग से जान जाते-जाते बची

शुक्रवार देर रात भिलाई टाउनशिप के सेक्टर 8 स्थित एक घर में आग लगी। आग लगने से पूरे घर में धुआं भर गया। इससे वहां सोए एक युवक और एक किशोर की जान जाते-जाते बची। जानकारी के मुताबिक सेक्टर-8 निवासी अनीता के घर में शुक्रवार देर रात आग लगी। अनीता अपने दोनों बेटों निखिल (21 साल) और अक्षत (12) के साथ घर पर सोई हुई थी। आग लगने से पूरे घर में धुआं भर गया। रात करीब तीन बजे जब अनीता की नींद खुली तो घर में आग लगी थी। उसने तुरंत अपने दोनों बेटों को जगाया, लेकिन वह बेहोश हो चुके थे। इस पर अनीता शोर मचाया। शोर सुनकर पड़ोसी दौड़े। उन्होंने सभी लोगों को घर से बाहर निकाला और निखिल और अक्षत को सेक्टर-9 अस्पताल पहुंचाया। इसके बाद दमकल की टीम ने आग पर काबू पाया। आग से घर में रखे कंप्यूटर और आलमारी व अन्य सामान जल गया। दोनों बच्चों की हालत ठीक बताई जा रही है।

## चोरी के फिराक में थे अंतरराज्यीय चोर, पुलिस ने रंगे हाथ पकड़ा



**रायपुर (ए)।** चोरी की बड़ी घटना को अंजाम देने के पूर्व दो अंतरराज्यीय आरोपितों को पुलिस ने रंगे हाथ गिरफ्तार किया है। गंज थाना पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर अग्रिम कार्रवाई की। मिली जानकारी के अनुसार गुरुवार-शुक्रवार की दरम्यानी रात थाना गंज पुलिस की रात्रि गश्त टीम क्षेत्र में गश्त कर रही थी।

इसी दौरान दो व्यक्ति संजय गांधी चौक पास संदिग्ध अवस्था में घूम रहे थे। अपने पास बैग रखे थे, जिस पर रात्रि गश्त में तैनात जवान शिवशंकर दुबे, कमर आलम, सौरभ यादव और खगेश्वर राठिया द्वारा व्यक्तियों से पूछताछ व रोकने की कोशिश करने पर दोनों भागने लगे, जिन्हें दौड़ाकर पकड़ा गया।


पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम शिशुपाल छुरा निवासी बलांगीर ओडिशा और शानू सोनी निवासी सागर, मध्य प्रदेश का होना बताया। उनके पास रखे बैग की तलाशी लेने पर उसमें एक सब्बल, एक पेचकस, दो हैंड दस्ताने और चेहरा ढंकने वाला कपड़ा रखा हुआ था। टीम के सदस्यों द्वारा कड़ाई से पूछताछ करने पर उक्त दोनों व्यक्तियों द्वारा चोरी करने के उद्देश्य से दुकान की तलाश करना बताया। आरोपितों से चोरी की अन्य घटनाओं के संबंध में भी विस्तृत पूछताछ की जा रही है।

हादसों को सिग्नल के जरिये रोकने की कवायद

# नवा रायपुर की चौड़ी सड़कों में ट्रैफिक सिग्नल तोड़ा तो घर पहुंचेगा चालान

**रायपुर (ए)।** नवा रायपुर की चौड़ी और सूनी सड़कों पर सिग्नल तोड़ने वालों के घर चालान पहुंचेगा। तेज रफ्तार वाहनों की वजह से चौराहों पर होने वाले हादसों को सिग्नल के जरिये रोकने की कवायद की जा रही है। इसी वजह से ऐसे 8 चौराहे जहां से ज्यादा वाहन गुजरते हैं वहां सिग्नल लगाया जा रहा है।

सारे सिग्नल पूरी तरह से हाईटेक होंगे और सिग्नल तोड़ने वाले वाहनों की फोटो खींच लेंगे। ट्रैफिक पुलिस ने सिग्नल लगाने के लिए सर्वे का काम पूरा कर लिया है। नवा रायपुर के लगभग सभी चौराहों पर सिग्नल लगाने की योजना है। पहले चरण में 8 चौराहों का चयन किया गया है। सिग्नल पर लगे कैमरों को इंटीग्रेटेड ट्रैफिक मैनेजमेंट सिस्टम(आईटीएमएस)के कंट्रोल रूम से जोड़ा जाएगा। सिग्नल लगाने के साथ नवा रायपुर में पुलिस की ई-चालान की कार्रवाई भी शुरू हो जाएगी। सड़कें सूनी और चौड़ी होने के कारण बाइकर्स ही नहीं कार चालक भी यहां हाईस्पीड से चलते हैं। चौराहों पर भी स्पीड कम नहीं करते। ज्यादातर हादसे इसी वजह से होते हैं। अफसरों का मानना है कि लगातार चालानी कार्रवाई से नवा रायपुर में भी



ट्रैफिक नियम तोड़ने से बचेंगे। इससे हादसों में कमी आएगी।

डीएसपी सतीश ठाकुर ने बताया कि जिन सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा है और हादसे होते रहे हैं। उन चौराहों पर ही सिग्नल लगाया जा रहा है, ताकि लोग ट्रैफिक नियम का पालन करें। नवा रायपुर की हर सड़कों पर फोर्स लगना संभव नहीं है।

### स्टाप लाइन पर रूकना पड़ेगा

पुलिस अफसरों ने बताया कि फिलहाल एयरपोर्ट टर्निंग, चीचा चौक, कोटराभाटा सेक्टर-12 चौक, सेक्टर-15 चौक, सतनाम चौक, एकात्म पथ, कायाबांधा टर्निंग और आईआईटी चौक का चयन किया गया है। इन चौराहों की ओर से आने वाली सड़कों पर ट्रैफिक का दबाव ज्यादा है।

यहां वीआईपी मूवमेंट भी लगातार होता रहता है। इसलिए इन सड़कों का चयन किया गया है। इसमें पैदल चलने वालों के पैडस्ट्रियन सिग्नल लगेगा। इसके लिए जेब्रा क्रॉसिंग बनायी जाएगी। स्टॉप लाइन भी खींची जाएगी, जिससे लोग चौराहे पर स्टॉप लाइन के पहले ही वाहन रोककर खड़े रहें।

नवा रायपुर में कोई भी सिग्नल तोड़ने वाले वाहन चालक के मोबाइल पर ई-चालान भेजा जाएगा। उसके बाद डाक से उनके घरों में चालान भेजने की तैयारी है। तीन सवारी, बिना हेलमेट, स्टॉप लाइन और हाईस्पीड पर भी कार्रवाई की जाएगी। रांग साइड वाहन चलाने वालों का भी चालान किया जाएगा।

चौक के अलावा नवा रायपुर की एक दर्जन से ज्यादा सड़कों पर भी कैमरा लगाया गया है। उससे भी कार्रवाई की जाएगी, क्योंकि चौड़ी सड़क होने के कारण वहां पर युवक रेस लगाते हैं और स्टंट भी करते हैं। ऐसा करने वालों को रोकने के लिए सड़कों की भी मॉनिटरिंग शुरू हो जाएगी।

### एक्सप्रेस-वे की भी कैमरे से निगरानी

रेलवे स्टेशन से केंद्री तक एक्सप्रेस-वे में कैमरा लगाने का सर्वे पूरा हो गया। जल्द ही कैमरा लगाने का काम भी शुरू हो गया। एक्सप्रेस-वे के एंट्री पॉइंट पर कैमरा लगाया जाएगा। इसकी मॉनिटरिंग तेलीबांधा ट्रैफिक थाने से की जाएगी। पूरी रोड पर थोड़े थोड़े अंतराल में 36 से ज्यादा कैमरा लगाने की तैयारी है। हालांकि शहर के भीतर 65 से ज्यादा जगह पर कैमरे लगाएं गए हैं। अधिकांश जगह पर स्मार्ट सिग्नल भी लग गया है, जो ऑटोमेटिक सिस्टम से ऑपरेट हो रहा है, इसलिए पुलिस के जवानों को चौराहों खड़े रहने की जरूरत नहीं पड़ रही है।

## धान खरीदी में 71.49 लाख का घोटाला, प्रभारी समेत तीन पर एफआईआर

**बिलासपुर (ए)।** कोटा विकासखंड के सेवा सहकारी समिति धान खरीदी केंद्र नंगचुई में 2470.25 क्विंटल धान खरीदी में गड़बड़ी मिली है। जांच में फर्जीवाड़ा पाए जाने पर केंद्र प्रभारी व दो अन्य के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराई गई है। जिले में खरीफविपणन वर्ष 2021-22 में कुल 484120.60 क्विंटल धान की खरीदी कलेक्टर के निर्देश पर की गई है। बीते वर्ष 2020-21 की तुलना में धान खरीदी एवं खरीदी केंद्रों से धान का उठाव त्वरित गति से किया गया। अभी तक जिले के 130 खरीदी केंद्रों में से 126 धान खरीदी केन्द्रों में शार्टेज की स्थिति है। जिले के धान खरीदी केंद्रों में शार्टेज व धान उठाव शीघ्र कराने के लिए सभी केंद्रों के लिए खाद्य, सहकारिता एवं जिला सहकारी केंद्रीय बैंक की टीम गठन कर धान खरीदी केंद्रों का भौतिक सत्यापन किया गया। इसमें जिले के विकासखंड कोटा स्थित धान खरीदी केंद्र नंगचुई का सत्यापन किए जाने पर केंद्र में कुल 53944.00 क्विंटल धान की खरीदी की गई है। वहीं कंप्यूटर में 51113.75 क्विंटल दर्ज होना पाया गया है। 2470.25 क्विंवल की कमी पाई गई है।

### 28 हजार 561 बारदाने मिले कम

भौतिक सत्यापन किए जाने पर 28 हजार 561 नग बारदाना की कमी



पाई गई है। जांच में पाया गया की खरीदी केंद्र प्रभारी देव कुमार गोयल, बारदाना प्रभारी अरुण कुमार मसीह व आपरेटर राजीव लोचन तिवारी द्वारा सुनियोजित तरीके से धान खरीदी में गबन के साथ-साथ खाली बारदाने में भी गड़बड़ी कर शासन को 71 लाख 49 हजार 410 रुपये की चपत लगाई है। आरोप प्रमाणित होने पर सेवा सहकारी समिति नंगचुई के प्रधिकृत अधिकारी बलराम कश्यप द्वारा शनिवार को थाना तखतपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई गई। मामले में पुलिस ने खरीदी प्रभारी देव कुमार गोयल, बारदाना प्रभारी अरुण कुमार मसीह व आपरेटर राजीव लोचन तिवारी के विरुद्ध धारा 420, 34 के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

### संपत्ति की जाएगी कुर्क

संबंधितों के द्वारा धान खरीदी में गबन किए जाने के कारण राशि की वसूली के लिए उनकी संपति से वसूली करने की कार्रवाई के निर्देश दिए गए हैं, जिससे भविष्य में किसी अन्य कर्मचारी के द्वारा इस प्रकार के कार्य की पुनरावृत्ति न हो।

पुलिस, एसीसीयू व नारकोटिक्स सेल की संयुक्त कार्रवाई

## दो तस्कर पिकअप में लेकर जा रहे थे 100 किलो गांजा, पकड़े गए



**बिलासपुर (ए)।** चकरभाठा पुलिस, एसीसीयू व नारकोटिक्स सेल ने संयुक्त कार्रवाई करते हुए चारपहिया से 100 किलो गांजा जब्त किया। इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए है। पुलिस ने इस मामले में दो तस्करों को गिरफ्तार किया है। दोनों पेंड्रा गौरेला मरवाही जिले के हैं। एसएसपी पारूल माथुर को मुखबिर से सूचना मिली कि सकरी अमसेना रोड पर राजकुमार सोनी (21) मसुरीखार थाना पेंड्रा, जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही व रवि गुप्ता (33) धोबहर, थाना पेंड्रा, जिला गौरेला पेंड्रा मरवाही पिकअप में भारी मात्रा में गांजा बेचने के लिए छतौना के रास्ते बलौदा बाजार जा रहे हैं।

एसीसीयू व नारकोटिक्स सेल व चकरभाठा पुलिस को सकरी अमसेना की ओर से पिकअप आते नजर आया। पुलिस ने उसे रोककर जांच की तो इसके भीतर 6 अलग अलग बोरियों में 100 किलो गांजा बरामद हुआ। इसकी कीमत करीब 5 लाख रुपए है।

आदित्य ड्राई क्लीनर्स
Pick & Drop Service Available (Terms & Condition Applied)
98271-90875
99938-08453
75877-57239
सोफा पर्दा कारपेट सीटकवर लेदर जैकेट टेड्डी बियर शू
सभी प्रकार के कपड़ों का आधुनिक तकनीकी से ड्राइक्लीन किया जाता है।
Shop NO.-105, "A" Market, Sector-6, Bhilai (C.G.)

Galaxy Granite
रायपुर से कम दामों में
WholeSaler & Retailer
All Type Of Tiles : Wall Tiles, Floor Tiles, Granite Sanitary & Null Fitting
सभी प्रकार के टाइल्स और ग्रेनाइट मिलने का एक मात्र स्थान
कोई भी टाईल्स लेने से पहले एक बार अवश्य पधारे...
Raja Steel Traders, Krishna Talkies Road, Side of ZEE Maha Sale, Risali, Bhilai - 490006
K.K. Soni - 77479-88643, 9109509095

House of tiles
Complete Range of Tiles, Marble And Granite in One Shop
KESWANI TILSE
कृष्णा टाकिज रोड, राजा स्टील के सामने, रिसाली, भिलाई (छ.ग.)
Mo. _- 82349 - 21000

राकेश ट्रेडर्स
विगत 6 वर्षो से यह दुकान पानी टंकी के सामने स्थानांतरित हो गई है।
Dealers
Marbles, Grinight, Black Stone, Nano & Double Charge Verified Tiles Digital Wall & Floor Tiles Cement Colour etc.
Rakesh Sahu
सप्लायर रेट पर माल उपलब्ध 9302443750, 9907127357
Krishna Talkies Road, Beside Hariom Furniture, Risali, Bhilai - 490006

भिलाई मसाला उद्योग
शुद्ध कुटे हुए मसाले, पापड़, अचार, बड़ी, जड़ी-बूटी, जचकी का सामान इत्यादि
128, ए- मार्केट, सेक्टर-6, भिलाई, फोन. 2284508, मो. 9826137766

मिस एंड मिसेस
लेडिस वेयर
• गाउन
• ब्रा. पेन्टी
• नाईटी
• ब्लाउज
सभी प्रकार के अंडरगारमेंट्स की विशाल रेंज
शॉप नं-113, सेक्टर-6, ए मार्केट भिलाई

दुल्हन बैंगल्स & फैंसी
RUPESH KUMAR
Mob.-9840760388
7987759030
Specialist : Wedding mix match bangles, Glass bangle, Plastic bangle. Saree pin, Bindi, Rubber Band. Bracelet, Butter Fly, Ear ring and many more
कृष्णा टाकिज रोड, विजय भवन के पास, रिसाली, भिलाई
जलाराम मिष्ठान के सामने, इंदिरा मार्केट, स्टेशन रोड, दुर्ग (छ.ग.)

माँ दुर्गा ज्वेलर्स
सोने एवं चांदी के आभूषणों विक्रेता
उचित ब्याज में गिरवी रखी जाती है
शॉप नं. 69, सी-मार्केट सेक्टर-6, भिलाई
मो. 9424124911

भारतीय बैग हाउस
फैंसी स्ट्राली, स्कूल बैग, ऑफिस बैग, सफर बैग, लेपटॉप बैग, फैंसी छतरी, रेनकोट इत्यादि के विक्रेता
कृष्णा टाकीज रोड, बैंक ऑफ बडौदा के बाजू में रिसाली भिलाई, संजय गुप्ता : 93003-77572

## खास - खबर

### भाजपा के राष्ट्रीय सचिव, इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के मुख्य संरक्षक सुनील देवधर का भिलाई आगमन पर भव्य स्वागत

**भिलाई ।** इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के मुख्य संरक्षक भारतीय जनता पार्टी के राष्ट्रीय सचिव सुनील देवधर के भिलाई प्रवास के दौरान पूर्व विधानसभा अध्यक्ष प्रेम प्रकाश पाण्डेय के सेक्टर 9 निवास स्थल पर छत्तीसगढ़ प्रदेश बॉडी बिल्डर्स एसोसिएशन के तत्वाधान में भव्य स्वागत करते हुए उनका अभिनंदन किया गया एवं एसोसिएशन की ओर से उन्हें स्मृति चिन्ह भेंट किया गया। इसके पूर्व छत्तीसगढ़ आगमन पर रामनवमी के दिन सुबह सुबह रायपुर विमान तल पर इंडियन बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के आयोजन सचिव छत्तीसगढ़ बॉडी बिल्डर्स फेडरेशन के महासचिव अरविंद सिंह नेतृत्व में उनका गर्मजोशी के साथ स्वागत कर उन्हें गुलदस्ते भेंट किया गया। इस अवसर पर विमान तल पर एसोसिएशन के अध्यक्ष योगेन्द्र पाण्डेय, श्रीराम जन्मोत्सव युवा विंग के अध्यक्ष मनीष पाण्डेय, अंतर्राष्ट्रीय जज महेन्द्र टेकाम, विश्व चैम्पियन विनय पाण्डेय ने समर्थकों के साथ उनकी अगुवानी करते हुए स्वागत किया।

### सेक्टर 2 संत शिरोमणी नामदेव महाराज मंदिर समाज हनुमान जन्मोत्सव हर्षोल्लास अभिषेक मनाया गया

**भिलाई ।** सेक्टर 2 प्रशांत कुमार शिरसागर निवास पर हनुमान जन्म उत्सव हर्षोल्लास के साथ मनाया गया सुबह हनुमान जी की प्रतिमा अभिषेक किया गया कलश स्थापित हवन पूजा पाठ हनुमान जी की मूर्ति पर माल्यार्पण दीप प्रज्वलित कर हनुमान जी की आरती पूजा की उषा क्षीरसागर हनुमान जी सिंदूर गुलाल लगाकर हनुमान जी फल फूल माला और मिठाई प्रसाद हलवा का भोग लगाया गया जय जय हनुमान ज्ञान गुण सागर हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इस अवसर पर सभी भक्तजन ने सुंदर भजन गीत गाए हनुमान जी का जयघोष किया गया जय जय बजरंगबली इस अवसर पर प्रशांत कुमार क्षीरसागर उषा क्षीरसागर राजेश प्रांजली क्षीरसागर अनिल उर कूड़े मुरली फू से आराध्या पीयूष रूद्र शिव सागर सभी भक्तजन उपस्थित थे सभी भक्तों को प्रसाद बांटा गया।

---

#### जय हनुमान सेवा समिति ने हनुमान जन्मोत्सव पर किया भव्य आयोजन

# हनुमान जन्मोत्सव पर महाभंडारा, 51 हजार भक्तों ने लिया महाप्रसादी

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। हनुमान जन्मोत्सव के पावन अवसर शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा आरती और महा प्रसादी का वितरण किया गया है। जय हनुमान सेवा समिति द्वारा सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में भी भव्य महाआरती,हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। साथ ही महाप्रसादी का वितरण किया गया। जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।**



महाआरती के बाद भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा।

सुबह हनुमान जयंती पर पूजा अर्चना की गई। साथ ही जय हनुमान सेवासमिति द्वारा हनुमान जी को महाप्रसादी और 101 लड्डू का भोग लगाया गया। फिर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया।

सेक्टर 9 हनुमान मंदिर परिसर में 51 हजार भक्तों ने महाप्रसादी ग्रहण किया। इसके अलावा सुबह से यहां भक्तों को जय श्री राम के जयकारा लगाते हुए पोहा चना बांटा गया। फिर दोपहर में खीचड़ी और चटनी वितरण किया गया। साथ ही दिन भर कोला, रूअबजा और लीची भी बांटा गया। रात में भक्तों को खीर और मूंग दाल का हलवा बांटा गया साथ ही देर रात तक भक्तों को खीचड़ी और चटनी भी का महाप्रसाद वितरित किया गया। इस अवसर पर भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव, मेयर नीरज पाल, लोककर्म प्रभारी एकांश बंछोर, कांग्रेस जिला अध्यक्ष मुकेश चंद्राकर,एमआईसी सदस्य सीजू एंथोनी, आदि ने भी भक्तों को अपने हाथ से महाप्रसादी का वितरण किया।

#### विशाल ध्वज यात्रा

जय हनुमान सेवा समिति द्वारा हनुमान जयंती की पूर्व संध्या विशाल ध्वज यात्रा निकाली गई। चारों ओर जय-जय श्री राम के जय घोष गुंजता रहा। मंदिर परिसर सहित पूरे टाउनशिप को जय हनुमान सेवा समिति ने महापर्व पर सजाया है। इससे पूरे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ गई है।

---

#### हनुमान जी की महाआरती में उमड़े हजारों भक्त

## विधायक देवेंद्र यादव अपनी माताजी के साथ पहुंचे हनुमान जी के मंदिर

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई।** हनुमान जयंती के पावन अवसर शहर के विभिन्न मंदिरों में पूजा आरती और महा प्रसादी का वितरण किया गया है। जय हनुमान सेवा समिति द्वारा सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में भी भव्य महाआरती, हनुमान चालीसा का आयोजन किया गया। जहां हजारों की संख्या में लोग शामिल हुए।

महाआरती के बाद भक्तों को महाप्रसादी का वितरण किया गया। सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में सुबह से ही भक्तों का तांता लगा रहा। वहीं भिलाई नगर विधायक देवेंद्र यादव सुबह अपनी माताजी के साथ हनुमान मंदिर पहुंचे। जहां उन्होंने अपनी माताजी के साथ हनुमान जी की पूजा अर्चना की पुष्प अर्पित करते हुए अपनी माताजी के साथ भिलाई वासियों की सुख शांति समृद्धि और सब के बेहतर स्वास्थ्य की प्रार्थना की। मंदिर के पूजारियों ने विधि विधान से पूजा अर्चना करवाई। इसके बाद हनुमान जी को महाप्रसादी का भोग लगाया



गया। फिर भक्तों को प्रसाद वितरण किया गया। सुबह से आयोजित इस धार्मिक आयोजन में 1 लाख से भी अधिक भक्तगण शामिल हुए। चारों ओर जय-जय श्री राम के जय घोष गुंजता रहा। मंदिर परिसर सहित पूरे टाउनशिप को जय हनुमान सेवा समिति ने महापर्व पर सजाया है। इससे पूरे क्षेत्र की सुंदरता बढ़ गई है। पूरा भिलाई हनुमान की भक्त में झूम उठा है। भक्तिमय संगीत का आयोजन भी सेक्टर 9 हनुमान मंदिर परिसर में किया जाएगा। रात में इंदौर के सुप्रसिद्ध भक्तिगाय भजन सम्राट राकेश तिवारी अपने मीठी सुरली आवाज से हनुमान जी के भक्तिगीतों की प्रस्तुति दी।

---

## पुलगांव पानी टंकी में भी पानी भरना प्रारंभ हुआ, अमृत मिशन फेज 1 पूर्णता की ओर

श्रीकंचनपथ न्यूज



**दुर्ग।** अमृत मिशन फेज 1 योजना का कार्य पूर्णत:, की ओर है जिससे शहर की पूरी आबादी की पेयजल की समस्या का स्थायी समाधान हो जावेगा। कल 11 एम एल डी की नई पानी टंकी को भरा गया था विधायक अरूण वोरा एवं महापौर धीरज बाकलीवाल जी के द्वारा अमृत मिशन योजना के तहत् पानी सप्लाई व्यवस्था पर नजर बनाए हुए है एवं निगम आयुक्त हरेश मंडावी के द्वारा लगातार हर रोज इस योजना के तहत् चल रहे कार्यो की प्रगति की समीक्षा की जा रही है जिसके तहत् अमृत मिशन योजना के अंतर्गत पुलगांव पानी टंकी का निर्माण कार्य पूर्ण कर पानी टेस्टिंग का कार्य कर पानी टंकी में पानी भरने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है । जिसके तहत् वार्ड क्रमांक - 55 पुलगांव क्षेत्र, गोकुल नगर, महेश कॉलोनी ऋषभ नगर, वार्ड 35 के कुछ क्षेत्र के लोगो को पानी मिलने लगेगा । जिससे लगभग 10,000 लोग लाभान्वित होंगे । इस पानी टंकी के कनेक्शन के कार्य के बीच में पी0डब्लू0डी0 विभाग द्वारा जी0ई0 रोड सड़क चैड़ीकरण का कार्य करने के कारण काम बंद हो गया था जिसे निगम आयुक्त द्वारा पी0डब्लू0डी0 विभाग से समन्वय स्थापित कर ग्रीष्म ऋतु में पानी की कोई समस्या ना हो इस बात को ध्यान में रखकर युद्ध स्तर पर कार्य को करवाकर पूर्ण कर लिया गया है एवम पानी की टंकी में पानी भरने का कार्य प्रारम्भ कर दिया गया है ।

---

#### भूपेश सरकार के कामकाज पर जनता ने लगाई भरोसे की मुहर

## देश की जनता पहचान चुकी है महंगाई लाने वाली सरकार का चेहरा : अरुण वोरा

श्रीकंचनपथ न्यूज

**दुर्ग।देश भर में एक लोकसभा एवं 4 विधानसभा चुनाव में भाजपा के एक भी सीट नहीं जीत पाने को लेकर वरिष्ठ कांग्रेस विधायक अरुण वोरा ने तंज कसते हुए कहा है कि देश की जनता अब महंगाई के बोझ तले जनता को दबाने वाली सरकार का चाल चरित्र और चेहरा भली भांति पहचानने लगी है।**



लगातार बढ़ती आवश्यक वस्तुओ की कीमतें, बेरोजगारी से ध्यान भटकाने जगह जगह धर्म का सहारा लेकर अधिक दिनों तक जनता को गुमराह नहीं किया जा सकता। आसनसोल से लोकसभा सीट समेत 4 राज्यों के उपचुनावों में भाजपा को एक भी सीट हासिल नहीं हो सकी है।

खैरागढ़ की जीत को उन्होंने निश्चित बताते हुए कहा कि नतीजे बिल्कुल भी अप्रत्याशित नहीं हैं जिस तरह से भूपेश सरकार ने पिछले 3 वर्षों में आम जनता के कल्याण एवं आर्थिक शसक्तीकरण की नीति बनाकर योजनाबद्ध तरीके से कार्य किया है जनता ने उस कार्यशैली पर भरोसे की मुहर लगाई है। आने वाले विधानसभा चुनावों में भाजपा की सीटें और भी कम होंगी। बड़े बड़े केंद्रीय मंत्रियों ने खैरागढ़ में चुनाव प्रचार किया लेकिन महंगाई पर बोलने की जगह किसान और विकास विरोधी बयान दिए। 2023 चुनावों का सेमीफाइनल हम जीत चुके हैं और फाइनल में भी जनता कांग्रेस सरकार को प्रचंड बहुमत से वापस लाने को तैयार है।

उन्होंने विजयी प्रत्याशी को जीत के लिए बधाई दी है।

---

#### भाजपा पार्षद दया ने सेक्टर 9 हनुमान मंदिर में टेका मत्था

## शहरवासियों की सुख-समृद्धि व मनोकामना के लिए मांगा आशीर्वाद, 501 किलो लड्डू का भोग लगाकर भक्तों में किया वितरण

श्रीकंचनपथ न्यूज

**भिलाई। भाजपा पार्षद व बोलबम कल्याण व सेवा समिति के अध्यक्ष दया सिंह अपने समर्थकों के साथ हनुमान जन्मोत्सव पर सेक्टर 9 हनुमान मंदिर पहुंचे। वहां उन्होंने मत्था टेका और हनुमान जी को चोला चढ़ाकर लाल सिंदूर का लेप लगाया।**



वे 501 किलो बूंदी के लड्डू का भोग लगाकर श्रद्धालुओं मेें वितरित कराया।

इस दौरान वे श्रीराम भक्त हनुमान जी के जयकारे लगाए। पूरा वातारण इस समय जय-'जय श्रीराम व वीर हनुमार के जयकारे से गूंज उठा। इस गूंज से मंदिर परिसर श्रीराम व हनुमानमय हो गया।

पार्षद दया ने सभी लोगों के कष्टों को दूर करने व सभी की इच्छाओं की पूर्ति करने भगवान श्रीराम भक्त से प्रार्थना की। साथ ही पधारे हुए सभी भक्तों के मन की मुरादें पूरी करने के लिए आशीर्वाद मांगा।

इस दौरान भाजपा पार्षद वीणा चंद्राकर, चंदेश्वरी बन्दे, सरिता बघेल, श्याम सुंदर राव, पिंकी साहू, लक्ष्मी दिवाकर, सरिता जैसवाल, विनोद चलेक लक्ष्मी साहू, रिकेश सेन, मुकेश अग्रवाल, गिरजा बंछोर, स्मिता दोडके, सकुंतला साहू, ईव्ररी नेताम, दया सिंह एवम बोल बम सीमित से प्रसांत कुमार, विजेंद्र मिस्रा, राकेश प्रसाद, विवेक कोसल, निर्मल सिंह,आनंद सिंह सहित सैकड़ों कार्यकर्ता उपस्थित रहे।

---

#### शहर से हटने लगे बेतरतीब होर्डिंग, 3 दिन तक लगातार चली कार्रवाई

## होर्डिंग हटाने कई बार एजेंसियों को दिया जा चुका था नोटिस, निगम ने की हटाने की कार्रवाई

श्रीकंचनपथ न्यूज

**मेट्रो सिटी की तर्ज पर भिलाई में लगेंगे यूनीपोल, शहर की सुंदरता को ध्यान रखते हुए महापौर नीरज पाल ने लिया फैसला**

**भिलाई। भिलाई के पूरे शहर से अब बेतरतीब होर्डिंग हटने लगे हैं। नगर निगम भिलाई 3 दिन से होर्डिंग हटाने का कार्य कर रहा है। होर्डिंग के लिए नियुक्त एजेंसियों को कई बार नोटिस देकर होर्डिंग हटाने के लिए कहा गया था, परंतु दिखावा मात्र की कार्यवाही करने के कारण नगर निगम ने पूरे शहर से अवैध होर्डिंग को हटाने का फैसला लिया और कार्यवाही प्रारंभ की। शहर की सुंदरता के मद्देनजर अवैध होर्डिंग को हटाने का काम प्रत्येक जोन क्षेत्र में किया जा रहा है। निगम की जेसीबी होर्डिंग को हटाने का काम कर रही है।**



प्रारंभिक तौर पर नेशनल हाईवे से लगे हुए सर्विस रोड के समीप के होर्डिंग को हटाया जा रहा है। बेतरतीब तरीके से लगे होर्डिंग दिखने में भी भद्दे नजर आते थे, सिमिलर पैटर्न नहीं होने के कारण शहर की सुंदरता को भी प्रभावित कर रहा था। वहीं महापौर नीरज पाल के निर्देश पर अब शहर में सिमिलर दिखने वाले यूनीपोल का कांसेप्ट लाया जाएगा। इसके लिए महापौर नीरज पाल की अध्यक्षता में महापौर की परिषद ने यूनीपोल लगाने के कार्य पर मुहर लगा दी थी। बहुत जल्द ही इस पर कार्य प्रारंभ हो जाएगा। उपायुक्त सुनील अग्रहरि ने बताया कि इसके लिए टेंडर प्रक्रिया एवं विभागीय प्रक्रिया जारी है। एक निश्चित साइज, ऊंचाई एवं ट्रैफिक आदि को ध्यान में रखते हुए मेट्रो सिटी की तर्ज पर यूनीपोल लगाए जाएंगे। इसीलिए होर्डिंग हटाने का कार्य किया जा रहा है, यह यूनीपोल लगाने के पूर्व की प्रारंभिक प्रक्रिया है। विज्ञापन के लिए होर्डिंग आदि का इस्तेमाल किया जाता रहा है, लेकिन आधुनिक युग में इसकी उपयोगिता कम होती जा रही है, बहुत से कारणों से होर्डिंग अब विज्ञापन के लिए लोकप्रिय नहीं रहा है। परंतु यूनीपोल के लग जाने से शहर की सुंदरता भी अच्छी रहेगी और ट्रैफिक क्लीयरेंस में भी इसका अच्छा प्रभाव पड़ सकता है। यूनीपोल लगने से शहर व्यवस्थित नजर आएगा। बता दे कि मेट्रो सिटी जैसे बड़े विकसित शहरों में यूनीपोल विज्ञापन के लिए उपयोग किए जा रहे हैं। मिनी इंडिया के नाम से प्रचलित भिलाई शहर में भी इन्हीं अवधारणा के साथ यूनीपोल लगाए जाएंगे। अब तक हटाए गए अवैध होर्डिंग की बात करें तो लगभग 150 से अधिक होर्डिंग हटाए जा चुके हैं। निगम आयुक्त प्रकाश सर्वे एवं अपर आयुक्त अशोक द्विवेदी के निर्देश पर होर्डिंग हटाने में सहायक राजस्व अधिकारी बालकृष्ण नायडू, परमेश्वर चंद्राकर, मलखान सिंह सोरी ने अपनी टीम के साथ मिलकर बेतरतीब होर्डिंग को हटाने कार्य किया है।






स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक राजेश अग्रवाल द्वारा मिशन मीडिया प्रा. लि. छत्तीसगढ़ भवन, प्रेस काम्पलेक्स, रजबंधा मैदान, रायपुर ( छ.ग. ) से मुद्रित कर, 204 आकाशगंगा सुपेला, भिलाई जिला दुर्ग ( छ.ग. ) से प्रकाशित। संपादक राजेश अग्रवाल shreekanchanpath2010@gmail.com, Mo - 9303289950